"राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार"

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, | अंक 71 | पृष्ठ 08 | मूल्य 01 रूपए | बुधवार, 12 मार्च 2025 | samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# खेल केवल चैंपियन नहीं बनाते बल्कि शांति, प्रगति और कल्याण को भी बढ़ावा देते हैं : मुख्यमंत्री

## मधुबन पुलिस अकादमी में 73वीं अखिल भारतीय पुलिस वालीबॉल समूह 2024-25 के समापन अवसर पर मुख्यमंत्री ने की शिरकत

### विजेता खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया सम्मानित

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल मात्र पदक जीतने का ही नहीं है बल्कि लोगों का दिल जीतने का माध्यम भी हैं। खेल केवल चैंपियन ही नहीं बनाते बल्कि यह शांति, प्रगति और कल्याण को भी बढ़ावा देते हैं। ये दुनिया को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मचारियों से अपील की कि वे खेल भावना को मैदान तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन में भी अपनायें। अनुशासन, समर्पण और टीम वर्क को कर्तव्य में समाहित करें।

मुख्यमंत्री आज जिला करनाल में मधुबन पुलिस अकादमी में 73वीं अखिल भारतीय पुलिस वालीबॉल समूह 2024-25 के समापन अवसर पर आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल कौशल का प्रदर्शन है बल्कि पुलिस बल के अनुशासन, एकता और समर्पण का भी प्रतीक है। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं बल्कि अनुशासन, टीम वर्क, धैर्य और आत्मबल को विकसित करने का महत्त्वपूर्ण माध्यम भी हैं। ये न केवल शारीरिक दक्षता को बढ़ाते हैं बल्कि अनुशासन भावना और मानसिक शक्ति को भी मजबूत करते हैं। साथ ही विपरीत परिस्थितियों में खड़े रहने की प्रेरणा देते हैं।






**देश की सुरक्षा में दिन-रात लगे हुए हैं पुलिस कर्मचारी**

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल पुलिस बलों को कर्तव्यों का पालन करने में सहायक होते हैं। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की 35 टीमों के 1088 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें से 791 पुरूष, 297 महिला और 65 तकनीकि अधिकारी भी शामिल हैं।

नायब सिंह सैनी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस कर्मचारी देश की आंतरिक सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा में दिन-रात लगे रहते हैं। प्राकृतिक आपदा, कानून व्यवस्था अथवा आपात स्थिति में जन सहयोग की बात हो, पुलिस अग्रिम पंक्ति में खड़ी रहती है। पुलिस न केवल कर्तव्यों को निभा रही है बल्कि खेलों में भी अमिट छाप छोड़ रही है। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को दक्षता व क्षमता का साबित करने का अवसर तो मिला ही है, साथ ही एक दूसरे की भावनाओं, मान्यताओं तथा रहन सहन की जानकारी भी मिली है। इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है।

**खेल और पुलिस बल का गहरा संबंध**

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और पुलिस बल का गहरा संबंध है। एक अच्छा सिपाही अच्छा खिलाड़ी भी होता है। खेल फिटनेस को भी बनाये रखते हैं। खिलाड़ियों के दम खम पर भारत आज ओलंपिक तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेलों में बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। हरियाणा के खिलाडि़यों को इनमें सर्वाधिक योगदान रहा है। कुछ दिन पहले राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने हरियाणा के 11 खिलाडि़यों को सम्मानित किया।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि 2024 में पेरिस में आयोजित ओलंपिक खेलों में भारत द्वारा जीते गये 6 में से 5 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्राप्त किये। टोक्यो ओलंपिक 2020 में जीते 7 में से 4 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने हासिल किये। वर्ष 2022 के एशियाई खेलों में जीते गये 111 में से 28 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्राप्त किये। इतना ही नहीं 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में भी हरियाणा ने 20 पदक जीते। यह सरकार की दूरदर्शी खेल नीति का परिणाम है।

**खिलाड़ियों के लिए बनाया हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने के लिये हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021 बनाये हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नये पद बनाये गये हैं। अब तक 224 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है। खिलाड़ियों के लिये श्रेणी एक से चार तक की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया है। हरियाणा पहला ऐसा राज्य है जहां पदक जीतने वालों को नकद पुरस्कार दिया जाता है। अब तक 591 करोड़ के नकद पुरस्कार दिये जा चुके हैं। इतना ही नहीं खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 218 खिलाड़ियों को मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले छात्रों को छात्रवृति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2014 से अब तक 29 हजार से अधिक छात्रों को 53 करोड़ 45 लाख रुपए की छात्रवृति प्रदान की गई है। प्रदेश में 1489 खेल नर्सरियां कार्यरत हैं। इनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रदेश में खेलों के लिये मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जिस भी खेल में हैं, उसे जमकर खेलें और,खुद भी जीतें और टीम को भी जितायें। हारने पर भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। पीएम ने भी एक बार कहा था-खेल ऐसा क्षेत्र हैं जहां कोई हारता नहीं है बल्कि सीखता है। विकसित भारत और विकसित हरियाणा के निर्माण में पुलिस कर्मचारियों की भूमिका और बढ़ जाती है।

**19वीं बार हरियाणा को मिला अखिल भारतीय पुलिस खेलों की मेजबानी का जिम्मा**

पुलिस महानिदेश श्री शत्रुजीत कपूर ने बताया कि हरियाणा पुलिस को 19वीं बार अखिल भारतीय पुलिस खेलों की मेजबानी का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के भत्तों में तीन गुणा वृद्धि की है। वर्दी भत्ता ढाई गुणा बढ़ाया गया है। इतना ही नहीं मोबाइल भत्ता भी शुरू किया गया है। यात्रा भत्ता 10 दिन से बढ़ाकर 20 दिन कर दिया गया है। राशन भत्ता भी बढ़ाया गया है। शहीदों के आश्रितों की दी जाने वाली अनुग्रह राशि को तीन गुणा कर दिया है। प्रदेश में 22 पुलिस पबलिक स्कूल खोले गये हैं। पुलिस लाइनों में 16 ई-लाइब्रेरी खोली जा चुकी है। हर जिला में जिम बनाये गये हैं।

इस मौके पर आईबी के संयुक्त निदेशक आईपीएस विधु शेखर ने भी खिलाडि़यों को संबोधित किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव एवं पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, रोहतक रेंज आईजी केके राव, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी गंगा राम पूनिया मौजूद रहे।

# राज्य सरकार ने पिछले 10 वर्षों में हर घर-नल से जल उपलब्ध करवाने का काम किया है : मुख्यमंत्री

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के लोगों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत राज्य सरकार ने पिछले 10 वर्षों में हर घर-नल से जल उपलब्ध करवाने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज विधानसभा सत्र के दौरान विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि रानियां निर्वाचन क्षेत्र में नहर आधारित जलापूर्ति योजनाओं और ट्यूबवेल आधारित जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। रानियां निर्वाचन क्षेत्र में 72 गांव और 25 ढाणियां हैं और इनमें 48 नहर आधारित जलापूर्ति योजनाओं और 38 ट्यूबवेल आधारित जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिनमें से 35 ट्यूबवेल आधारित जलापूर्ति योजनाएं अब तक संबंधित ग्राम पंचायतों को सौंप दी गई हैं। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में पेयजल में टीडीएस की मात्रा अधिक है वहां की जलापूर्ति को नहर आधारित परियोजनाओं में परिवर्तित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र से पिछले कुछ समय में पेयजल के 765 सैंपल लिए गए, जिनमें से 39 सैंपल फेल पाए गए। जिन क्षेत्रों सैंपल फेल पाए गए, वहां पर जलापूर्ति को नहर आधारित जलापूर्ति परियोजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हर जिले में एक-एक वाटर टेसटिंग लेबोरेटरी स्थापित की गई हैं।



**ईएसआई हॉस्पिटल में एक अतिरिक्त ब्लॉक का निर्माण करवाया जाएगा :**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान में पानीपत में साढ़े 8 एकड़ भूमि पर ईएसआई हॉस्पिटल संचालित है और शीघ्र ही हॉस्पिटल में एक अतिरिक्त ब्लॉक का निर्माण करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह जानकारी आज विधानसभा सत्र के दौरान विधायक प्रमोद विज द्वारा पूछे गए प्रश्न के संबंध में दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पानीपत में औद्योगिक श्रमिकों की संख्या अधिक है इसके लिए एक अतिरिक्त ब्लॉक की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एक प्रस्ताव तैयार कर ईएसआई हॉसपिटल पानीपत में अतिरिक्त ब्लॉक के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि सूचीबद्ध निजी अस्पतालों को 5 वर्षों (1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2024) में 34 करोड़ रूपए से अधिक की राशि इलाज के लिए उपलब्ध करवाई गई है।

**अवैध प्रसूति क्लीनिक की जांच करवाई जाएगी :**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में यदि बिना डिग्री व लाइसेंस के कोई भी अवैध प्रसूति क्लिनिक चलता पाया जाता है तो राज्य सरकार द्वारा उसकी जांच करवाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान विधायक चौधरी मामन खान द्वारा नूंह में बिना डिग्री व लाइसेंस के अवैध प्रसूति क्लिनिक चलने के संबंध में पूछे गए प्रश्न का जवाब दे रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार का ध्येय प्रदेश के नागरिकों को सुलभ व बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है, इस दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है।

# किसी भी समाज के विकास का आधार उद्योग होते हैं : राजेश नागर

## मंत्री राजेश नागर ने उद्यमियों को दी होली की शुभकामनाएं



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** होली के अवसर पर फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने भव्य समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर पहुंचे। नागर ने उद्यमियों को होली की बधाई दी और कहा कि उद्यमी किसी भी समाज के विकास का मुख्य अंग होते हैं और हमारी हरियाणा सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने वाली सरकार है।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि भाजपा की सरकार में जो कहा जाता है, वह किया जाता है। इसलिए देश की जनता का विश्वास हम पर दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। इसके पीछे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियां और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विकास के प्रति लगन प्रमुख पहलू हैं। नागर ने कहा कि भाजपा में अंत्योदय के मंत्र को माना जाता है जिसमें विकास से अछूते रह गए व्यक्ति तक भी विकास पहुंचना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

नागर ने कहा कि किसी भी देश समाज का विकास उद्योगों पर आधारित होता है। एक उद्योग लगाने वाला उद्यमी न केवल अपने रोजगार का जरिया बनाता है बल्कि अन्य अनेक लोगों के परिवारों के भी भरण पोषण करने का कारण बनता है। हमारी सरकार उद्योगों को भरपूर सहायता कर रही है। यही कारण है कि आज हरियाणा तमाम क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आप फरीदाबाद क्षेत्र में ही हो रहे विकास कार्यों को देखेंगे तो पाएंगे की हर जरूरत की जगह पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि समाज ही सरकार को जरूरी इनपुट देता है। इसके लिए आप भी सरकार की आंख बनें और हमें जहां भी आवश्यक करने योग्य काम है, उसके बारे में बताएं।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि आईएमटी में प्लॉट खरीदने, बेचने, ट्रांसफर करने आदि में व्याप्त भ्रष्टाचार को भाजपा सरकार ने समाप्त करने का काम किया है। वहीं इस औद्योगिक नगरी को विकसित करने के लिए अनेक प्रकल्प चल रहे हैं। इसमें आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन को हम भरपूर सहयोग देने का आश्वासन देते हैं।

कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री राजेश नागर का चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरभान शर्मा, महासचिव दीपक प्रसाद, कोषाध्यक्ष योगराज गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष एम एल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष किशन कौशिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एम के मेहतानी, उपाध्यक्ष हेमंत शर्मा, ज्वाइंट सेक्रेटरी रमेश अरोड़ा, उद्यमी एच एल भूटानी, जी एस दहिया आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 9 मेरा है अपना परिवार : विपुल गोयल

## रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने आयोजित की फूलों की होली व परिवार मिलन समारोह

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 9 सांझा पार्क में फूलों की होली व परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार विपुल गोयल, राज्यमंत्री हरियाणा राजेश नागर, विधायक मूलचंद शर्मा, विधायक धनेश अदलखा की गरिमामय उपस्थिति रही।



इस अवसर पर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट चौधरी रणबीर सिंह, महासचिव अजय कुमार भाटिया,कार्यक्रम संयोजक अरुण बजाज ने पहुंचे सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया। अतिविशिष्ट अतिथियों में श्याम सुंदर सिंह सिकरवाल, एमडी श्याम लिफ्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रवेश सोनी एस .आई इंटरपैक प्राइवेट लिमिटेड, रविंदर गुप्ता एमडी पीआर पैकेजिंग लिमिटेड उपस्थित रहे। मंत्री विपुल गोयल ने सभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि होली का त्योहार टूटे हुए रिश्तों को फिर से स्थापित करने और नवीनीकृत करने का एक अवसर है। होली मिलन का कार्यक्रम हमें समाज की मुख्य धारा से जोडने. का काम करता है। आप सभी मेरे परिवार का हिस्सा है । इस अवसर पर स्वतंत्र राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि होली का पर्व हमे सारे गिले शिकवे को भुलाकर आपस में भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि कोई भी धार्मिक पर्व हो समाजसेवा का कार्य हो आप लोगों की उपस्थिति वहां जरूर होती है। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों और सभी सेक्टरवासियों को होली पर्व की बधाई दी।

इस अवसर पर बड़खल विधानसभा से विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं। सभी सेक्टरवासियों की बदौलत हूं। विधायक धनेश अदलखा ने सभी को अपनी ओर से होली की बधाई दी।

कार्यक्रम में सेक्टर 9 आरडब्ल्यूए के प्रेसिडेंट रणबीर शर्मा ने कहा कि होली ही नहीं सेक्टर सभी भारतीय त्यौहारों को बड़े ही धूमधाम से मनाता है। उन्होंने सभी गणमान्य लोगों का होली समारोह में पहुंचने पर धन्यवाद किया । इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक उद्योगपति अरुण बजाज और सदस्यों ने सबके चहेते कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और राज्यमंत्री राजेश नागर , बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्म और धनेश अदलखा सहित आए सभी लोगों पर फूलों की वर्षा की। कार्यक्रम में मथुरा के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली के लोकगीतों पर डांस किया तो लोग भी झूमते दिखाई दिए। इस अवसर पर शिक्षाविद सीबी रावल, हुकुम चंद लांबा, श्री रामलाल , रोशन लाल , अशोक चौधरी, दिलीप यादव, नलिन सचदेवा, श्री वी एस , श्री गौतम , डॉ भानु चौधरी, योगेश गोयल, सुधीर चौधरी, विष्णु अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम मे करीब 700 परिजनो ने हिस्सा लिया तथा इसको सफल बनाने मे श्री सतविर शर्मा,आर के केशवानिया,अजय भाटीया सहित सभी कार्यकारणी सदस्यो का सहयोग रहा।

# राधे मित्र मडंल द्वारा बरसाना व बल्लभगढ़ में मनाया होली महोत्सव

## भक्तजनों ने लिया लठ्ठमार होली का आनंद

### होली आयोजन में आई महिलाओं ने जमकर किया नृत्य खेली फूलों की होली

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लबगढ़।** श्री राधे मित्र मंडल बल्लभगढ़ द्वारा होली का आयोजन चावला कॉलोनी शिव मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। अधिक जानकारी देते हुए प्रधान मोहित कुमार गुप्ता ने बताया कि यह होली का आयोजन 8 मार्च को बरसाना व 9 मार्च को बल्लभगढ़ में मनाया गया। 8 मार्च को मंडल के 50 सदस्य बस द्वारा बरसाना पहुंचे जहां उन्होंने पूरे रास्ते गुलाल उड़ाते हुए श्री जी के दर्शन किए। इसके बाद कटारा हवेली पहुंच कर गोकुलेश कटारा जी के सानिध्य में बृज दूल्हे के दर्शन किए व भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गोकुलेश कटारा ने बताया कि नन्दगांव के सभी ग्वाल पहले बृज दूल्हे को प्रणाम करते हैं फिर लठ्ठमार होली प्रारम्भ होती है। वहीं 9 मार्च को मंडल द्वारा शिव मंदिर में होली का आयोजन किया गया जिसमें वीना गुप्ता, अनुराधा शर्मा व देवेन्द्र होलकर ने मिलकर होली के भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर आई सभी महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। वीना गुप्ता के गाए भजन मेरे खोए गयो बाजूबंद रसिया होली में व डफ ढोल बजाऊंगी सखी री मैं तो फाग मनाऊंगी पर सभी महिलाएं झूमने लगी। आयोजन में मुख्य रूप से राकेश कुमार गुप्ता, राजेश गुप्ता, महेंद्र गर्ग, मदन गोपाल गोयल, दीपक सिंगला, प्रवीण मंगला व मनीष गोयल उपस्थित रहे।





# लखनऊ में मीट के लिए BJP विधायक से बदसलूकी

**लखनऊ।** में BJP विधायक ओपी श्रीवास्तव से मीट दुकानदार ने बदसलूकी की है। उसने विधायक पर आरोप लगाया कि वह दुकान चलाने के लिए 10 लाख रुपए मांग रहे हैं। इस दौरान उसे MLA ने पाकिस्तानी कहा। दरअसल, विधायक ने दुकानदार और कुछ लोगों को बातचीत के लिए अपने आवास पर बुलाया था।उसी दौरान बातचीत करते समय दो पक्षों में झड़प होने लगी। इंदिरानगर के सेक्टर-12 में लोग मीट और शराब दुकान की वजह से परेशान हैं। महिलाओं ने उस रास्ते से निकलना बंद कर दिया है। इलाके के लोगों ने विधायक ओपी श्रीवास्तव से दुकानदार की शिकायत की थी। बातचीत के दौरान बिगड़ा माहौल विधायक के आवास पर दुकानदार और दुकान से परेशान लोग पहुंचे। वहां बातचीत के दौरान माहौल बिगड़ गया। दोनों पक्षों में तीखी झड़प हुई। मामला इतना बढ़ा कि थाने की फोर्स बुलानी पड़ी। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। हालांकि अभी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। शिव विहार आवासीय कल्याण समिति के लोगों ने बताया- बेगम मार्केट में



गिन्नी जनरल स्टोर से सटी पहले एक मीट शॉप थी। धीरे-धीरे दुकानें बढ़ गईं। आने वाले समय में यह एरिया मंडी हो जाएगा।मुर्गे और बकरे काटे जाने से रहवासियों को काफी समस्या होती है। दुकान की धुलाई करते हैं तो खून और गंदगी मेन रोड पर आती है। इस वजह से बीमारी फैल रही। मुख्य मार्केट में कच्ची शराब की दुकान है। इसलिए दिन रात शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। महिलाओं को निकलने में दिक्कत होती है। इलाके में मां विंध्यवासिनी ट्रेडर्स ने अपना सीमेंट और बिल्डिंग मटेरियल का गोदाम बनाया है। लोडिंग-अनलोडिंग की वजह से दिनभर ट्रैक्टर ट्रॉली चलती है। रहवासियों का कहना है कि इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए नगर निगम से शिकायत की गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अब क्षेत्रीय विधायक ने संज्ञान लिया है तो समाधान हो जाएगा।

विधायक आवास पर गरमाया माहौल लोगों की समस्याओं को सुनकर विधायक ओपी श्रीवास्तव ने सभी मीट दुकानदार और अन्य लोगों को आवास पर बुलाया। यहां बातचीत चल रही थी। तभी किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। इस पर विधायक ओपी श्रीवास्तव और उनके समर्थक उग्र हो गए। हालांकि दोनों पक्षों ने एक दूसरे की बात सुनना जारी रखा। लेकिन बात न बनने पर पुलिस को बुलाना पड़ा।

## मांगों को पूरा नहीं किया गया तो, सरकार को भुगतना पड़ेगा गंभीर परिणाम :राष्ट्रीय संघर्ष समिति



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति जनपद कुशीनगर शाखा की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद के नेतृत्व में रोडवेज बस स्टैंशन कसया के यात्री प्रतीक्षा हॉल में सम्पन्न की गई ' बैठक में मुख्य रूप से निगम के ईपीएस पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने न्यूनतम पेंशन रुपए 7500+ मंहगाई भत्ता सहित चार सूत्री मांगों को सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद अभी तक लटकाए रखने को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए कर्मियों ने चेतावनी दी कि यदि वर्तमान बजट सत्र में मांगों को पूरा नहीं किया गया तो केंद्र सरकार को इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ेगा।

बैठक को छेदी प्रसाद, राम विलास यादव, शफीक अहमद, राम प्रवेश यादव, महिमा राय, चंद्रशेखर पाठक, हनुमान सहाय, गोपाल प्रसाद ने संबोधित किया। इस दौरान कॉफी संख्या **में** निगम कर्मी एवं ईपीएस पेंशनर उपस्थित रहे '

## हमीरपुर की सिसोलर पुलिस ने फरार चल रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

संवाददाता

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत सिसोलर पुलिस ने मु0अ0सं018/25 धारा 115(2)/352/351(3)/333 बीएन एस के फरार अभियुक्त भूरा यादव उर्फ भूपेन्द्र यादव पुत्र वीरेन्द्र यादव निवासी ग्राम भमई हमीरपुर को टेम्पो स्टेड भमई से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली



पुलिस टीम में खासतौर से ओमप्रकाश यादव सहित कांस्टेबल पिकेन्द्र शामिल रहे।

## फारूवाही लोक नृत्य उत्सव 16 मार्च को

## लुप्त प्राय लोकगीत और कलाओं के संवर्द्धन और संरक्षण को लेकर चर्चा की



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगर स्थित दुलारी देवी सेवा संस्थान की एक बैठक संस्था कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें लुप्त प्राय लोकगीत और कलाओं के संवर्द्धन और संरक्षण की चर्चा हुई तथा 16 मार्च दिन रविवार को समय 11 बजे से कुशीनगर बौद्ध संग्रहालय में आयोजित फारूवाही लोक नृत्य उत्सव का निर्णय लिया गया।

मंगलवार को हुई बैठक में संस्था संयोजक अरुण कुमार राव ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो अमृतांशु शुक्ल, प्रो सीमा त्रिपाठी, डाक्टर रवि शंकर राव, डाक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव सदस्य उत्तर प्रदेश ललित कला अकादमी, सुरेश प्रसाद गुप्त, प्रद्युम्न मिश्र, अरूण कुमार राव सदस्य बाल कल्याण समिति गोरखपुर उपस्थित रहेंगे। इस दौरान अमित कुमार मिश्रा, राजू मद्धेशिया, अशोक कुमार जैन सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय ने किया किड्स जी प्ले स्कूल का शुभारंभ

संवाददाता

**कुशीनगर।** कसया सपहा मार्ग स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा के पीछे स्थित किड्स जी प्ले स्कूल का मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के शिक्षा के लिए यह नई पहल है। उन्होंने इसको सराहा उन्होंने कहा कि किड्स जी प्ले स्कूल बच्चों के शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक विकास पर विशेष महत्व देते हैं। किड्स जी के निदेशक पुनित पांडेय अमित जायसवाल ने विद्यालय परिसर की विशेषता बताते हुए कहा कि



प्ले स्कूल में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में डाली गई मजबूत नींव बच्चों का सुनहरा भविष्य तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए किड्स जी तत्पर है। अब प्ले स्कूल में शिक्षा के लिए अभिभावकों को दूर नहीं जाना होगा। शुभारंभ के बाद मुख्य अतिथि ने बच्चों को गिफ्ट दिए गए। इस मौके पर स्कूल निदेशक पुनित पांडेय व अमित जायसवाल ने अतिथियों को अंग वस्त्र और मेमोनटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक पाण्डेय, भाजपा नेता ओमप्रकाश जयसवाल, संजय शुक्ला, कृष्ण कुमार जायसवाल, रंजीत जयसवाल, अभिषेक पांडेय उर्फ मोनू पांडेय, शक्ति राव, सतीश मणि त्रिपाठी, मनोज कुमार, पुष्कर दूबे रबिंद्र तिवारी अमित पांडेय, प्रदीप सिंह, राहुल शाह, अंकित चौधरी, शिक्षिका सिमर प्रीत कौर, रूबी पांडेय मौजूद रहे।

# बीआरसी परिसर में 65 टीबी रोगियों में वितरित हुई पोषण की पोटली

संवाददाता

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान में मिले मरीजों को गोद लेकर पोषण की पोटली देने के लिये सीडीओ गुंजन द्विवेदी के निर्देशन तथा बीएसए डॉ रामजियावन मौर्या के प्रेरणा के क्रम में मंगलवार को विकास खण्ड विशुनपुरा के बीआरसी परिसर में 65 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया। मुख्य अतिथि जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के जनांदोलन जरूरी है।



जन जन को इस अभियान को सफल बनाने के लिये जागरूक करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग गोद लेने में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप सम्बोधित करते हुये निक्षय मित्र नोडल आशुतोष मिश्र ने कहा कि इस पुनीत कार्य में जो भी व्यक्ति अपनी भूमिका निभा रहा है मैं उसके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि आप द्वारा दिये गये प्रोटीनयुक्त आहार को दवा के साथ मरीज खाकर शीघ्र स्वस्थ होकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ जाता है।अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी जयंत कुमार भारती ने कहा कि मरीजों को पोषण उपलब्ध कराने में हमारा विभाग अग्रणी भूमिका में रहेगा। उन्होंने कहा कि आज जो भी व्यक्ति लोग लिया उसके द्वारा रोगियों के उपचार चलने तक प्रतिमाह पोषण की पोटली दी जायेगी। कार्यक्रम को वरिष्ठ क्षयरोग पर्यवेक्षक विशाल जयसवाल एवं अमित वर्मा ने भी सम्बोधित किया। संचालन शिक्षक सुजीत पांडेय ने किया।आगन्तुकों का स्वागत शिक्षक अवधेश कुमार तथा आभार संजय मिश्र ने व्यक्त किया।

इस दौरान प्रमोद यादव, रेडियो प्रज्ञा से तेजनारायण श्रीवास्तव, नवनीत सहित शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# देश की महिलाएं चांद को भी छू रही हैं: डायरेक्टर प्रीति शर्मा

संवाददाता

**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देश विदेश में को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, ये दिन महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर का होता है। ये दिन महिलाओं के अधिकारों की रक्षा, समानता और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता फैलाने का माध्यम बनता है। दुनिया भर में इस दिन को महिला सशक्तिकरण और उनके संघर्षों की सराहना के रूप में मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं के योगदान को मान्यता देने और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष को बढ़ावा देने का होता है।



इसी बीच उत्तर प्रदेश के कुशीनगर की रहने वाली इंटरनेशनल सुपर मॉडल एक्टर और दीप्ति फिल्म प्रोडक्शन्स की डायरेक्टर प्रीति शर्मा ने भी अपनी शोशल मीडिया के जरिए देश विदेश की महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। मॉडल एंड एक्टर प्रीति शर्मा ने कहा हमारे देश की महिलाएं चांद को भी छू रही है और पुरसो के कदम से कदम मिला कर आगे भी बढ़ रही है। राजनीति से लेकर देश विदेश में अपना और अपने परिवार देश का नाम भी रोशन कर रही है। मॉडल/एक्टर प्रीति शर्मा ने कहा कि जहां एक तरफ महिलाएं सशक्त बन रही है वही कुछ हैवान दरिंदे किस्म के लोग जो हमारे ही आसपास रहते है हमे कमजोर करने और आगे बढ़ने से रोकने का काम करते है ऐसे लोगो के लिए हमारीं देश की महिलाओं और बेटियों को और मजबूद सशक्त होने की जरूरत है जब हमारीं देश की महिलाएं और बेटियां पूरी तरह से सशक्त और मजबूत हो जाएंगी और ऐसे दरिंदो को सबक सिखाने का काम करेंगी तो इस देश मे पूरी तरह महिलाओं को सशक्त और मजबूत होने से कोई नही रोक सकता इसी लिए में सभी देश की महिलाओं और बेटियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बधाई देते हुए ये भी अपील करती हूँ कि हमे अभी भी इस देश में और सशक्त और मजबूत होने की जरूरत है तभी हम ऐसे दरिंदो को सबक सिखा सकेंगे जो हमारीं बेटियों और महिलाओं पर गलत नजर डालते है और उनको कमजोर करते है।

# मोदी और योगी सरकार ने कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर किया सम्मान: मनीष जायसवाल

संवाददाता

**कुशीनगर।**

पडरौना से हरका जाने वाले मार्ग पर स्थित मोदनवाल होटल, रामपुर के हाल में मंगलवार को आयोजित होली मिलन समारोह में विधायक पडरौना मनीष जायसवाल मंटू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न देकर नाई समाज का सम्मान किया है।




विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि स्व. कपूर्री ठाकुर सामाजिक न्याय के मसीहा थे। उन्होंने समाज के शोषितों, दलितों, पिछड़ों और कमजोर तबके के लोगों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्हें याद कर गर्व की अनुभूति होती है। विधायक श्री जायसवाल ने स्व. कपूर्री ठाकुर की आदमकद प्रतिमा नगर में लगाए जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि आप




उनके नाम पर धर्मशाला की स्थापना करें। हर सम्भव सहयोग किया जायेगा। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण ठाकुर, प्रतिष्ठित व्यवसाई रमेश शर्मा, समाजसेवी सुरेन्द्र शर्मा ने सामाजिक एकजुटता पर बल देते हुए आयोजक भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री सुशील कुमार शर्मा के हाथों को मजबूत करने आह्वान किया। अतिथियों का स्वागत आयोजक सुशील कुमार शर्मा ने करते हुए कहा कि सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक भागीदारी के लिए युवाओं को आगे आकर संघर्ष करना पड़ेगा। संचालन दिनेश शर्मा ने किया। इस दौरान भाजपा नेत्री वंदना ठाकुर, पप्पू ठाकुर, मिथिलेश शर्मा, मोनू शर्मा, आर्यन कुमार शर्मा, अमरनाथ शर्मा, अभिषेक शर्मा, संतोष शर्मा, संदीप शर्मा, श्रीराम ठाकुर, छोटू शर्मा, कृष्ण, सुनील शर्मा, अमन शर्मा, राहुल ठाकुर, अमित आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### हमीरपुर की राठ पुलिस ने अवैध असलहे के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

संवाददाता

**हमीरपुर** ।उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की राठ पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत एक अदद तमंचा 315 बोर, जबकि एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ थाना क्षेत्र के ग्राम पडरा निवासी



33 वर्षीय अरविन्द पुत्र मुरलीधर को यात्री प्रतीक्षालय मोर्चरी हाउस के पास, पनवाडी रोड कस्बा राठ हमीरपुर से गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। राठ पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 103/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज करने के साथ ही अदालत भेजा गया । अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, अभियुक्त के खिलाफ दस संगीन मामले पहले ही से दर्ज हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई रोहित साहू, कांस्टेबल अनिल राजपूत सहित कांस्टेबल अभिषेक राजपूत शामिल रहे।

### गेहूं काटकर लौट रहे युवक पर तमंचे से फायर

**औरैया।** के अजीतमल थाना क्षेत्र में आठ साल पुराने जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने



आरोपी आमोद सिंह को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 11 अप्रैल 2017 का है। सोनू सिंह अपने बड़े भाई के साथ गेहूं काटकर घर लौट रहा था। सुबह 11 बजे गांव के आमोद सिंह ने सोनू पर तमंचे से फायर कर दिया। गोली सोनू की जांघ में लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने दाखिल की थी चार्जशीट पुलिस ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की। मंगलवार को अपर सत्र न्यायालय में सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अरविंद कुमार राजपूत ने कड़ी सजा की मांग की। बचाव पक्ष ने रहम की गुहार लगाई। 1 माह का होगा अतिरिक्त कारावास कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आमोद सिंह को दोषी करार दिया। अर्थदंड न चुकाने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जेल में बिताई गई अवधि को सजा में शामिल किया जाएगा। दोषी को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया है।

### अजीतमल के सांफर में आरोग्य शिविर

**औरैया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल की ओर से मंगलवार को न्याय पंचायत सांफर में निशुल्क आरोग्य शिविर लगाया गया। सीएचसी अधीक्षक



डॉ. अवनीश कुमार ने शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में कुल 736 लोगों का पंजीकरण हुआ। इनमें 45 टीबी के मरीज और 12 कुष्ठ रोगी मिले।330 मरीजों की जांच अन्य सेवाओं में परिवार नियोजन के 37, नेत्र परीक्षण के 31 और आयुष्मान कार्ड के 18 मामले शामिल रहे। सामान्य ओपीडी में 216, आयुष ओपीडी में 88 और आरबीएसके ओपीडी में 330 मरीजों की जांच की गई। डॉ. अवनीश ने स्वस्थ रहने के टिप्स दिए।उन्होंने कहा कि हड्डियों की मजबूती के लिए नियमित धूप स्नान और रात में सोने से पहले दूध का सेवन जरूरी है। महिला चिकित्सकों ने महिलाओं और किशोरियों को संतुलित आहार की सलाह दी। उन्होंने हरी साग-सब्जियां, ताजे फल और गुड़ के सेवन पर जोर दिया। शिविर में पैथोलॉजी के 52, टीकाकरण के 10, आंगनबाड़ी के 108, एनसीडी ओपीडी के 108, विशेषज्ञ ओपीडी के 22 और दंत परीक्षण के 20 मामले देखे गए। साथ ही 36 आभा आईडी का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के प्रधान, स्थानीय लोग और चिकित्सकों की टीम मौजूद रही।

### अजीतमल में प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव

**औरैया।** । स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि आरआरपी अनुराग शर्मा, प्रदीप कुमार और अमर सिंह ने सरस्वती पूजन से की।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कला दिखाने का मंच इसमें स्वच्छता अभियान और होली पर



आधारित नाटक शामिल थे। एआरपी ने अभिभावकों को सरकार की विद्यालय कायाकल्प योजना और नामांकन बढ़ाने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि अनुराग शर्मा ने कहा कि स्कूलों में ऐसे आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए। इससे बच्चों की छुपी प्रतिभाएं सामने आती हैं और उन्हें अपनी कला दिखाने का मंच मिलता है।कार्यक्रम में एआरपी अमित पोरवाल, प्रशांत शुक्ला, प्रधानाध्यापिका कल्पना राजपूत, शिक्षा मित्र कांति और राजकुमारी, प्रधान राकेश कुमार और मीना सेंगर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन हेड मास्टर रचना सैनी ने किया। प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### नशे में वाहन चलाने से बचें, महिलाएं चाबी खुद रखें

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने होली त्योहार को लेकर महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि होली के दिन कई लोग नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। एसपी ने विशेष रूप से महिलाओं को सलाह दी है कि वे वाहनों की चाबियां अपने पास रखें। उन्होंने परिवारों से आग्रह किया कि होली के दिन बिना जरूरी काम के वाहन लेकर न निकलें। सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने कहा कि यदि कोई असामाजिक तत्व होली की आड़ में माहौल बिगाड़ने का प्रयास करे, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

# संपादकीय

## आक्रमणकारी शक्तियों के विकृत एवं विरूप चेहरों को बेनकाब करना होगा

औरंगजेब की क्रूरताएं सिर्फ दुश्मनों तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसके शिकार उसके भाई और पिता भी हुए। इतिहासकार इरफान हबीब ने औरंगजेब की क्रूरता के अनेक किस्सों को उजागर करते हुए बताया कि मुगल सत्ता पाने की लालच में औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को जेल भिजवाया। फिर दारा शिकोह को जंग में हराया। हालांकि जंग हारने के बाद दारा मैदान छोड़कर भाग गया था। लेकिन औरंगजेब ने दारा को गिरफ्तार करवाया और षडयंत्र रचकर उसकी गर्दन कलम करवा दी। औरंगजेब सिर्फ दारा शिकोह की हत्या से खुश नहीं हुआ। उसने हत्या की बाद क्रूरता की हदें भी पार की। एक भाई के साथ ऐसी क्रूरता भारतीय इतिहास में देखने को नहीं मिलती। उसने दारा का कटा हुआ सिर जेल में बंद पिता को भेजा।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

मुगल शासक औरंगजेब को लेकर महाराष्ट्र से शुरू हुई बयानबाजी की आंच समूचे देश मे पहुंच गयी है। हिन्दुओं में गहरा आक्रोश एवं रोष है। मांग उठ रही है कि मुगल सम्राट औरंगजेब को बर्बर शासक घोषित किया जाए और भारत में उसके नाम पर रखे गए सभी सड़कों और स्थानों के नाम बदलने के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाए। जैसाकि संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने ओसामा बिन लादेन और फ्रांसीसी व रूसी क्रांति के अवशेषों के साथ किया था। किसी भी राष्ट्र एवं समाज का निर्माण इतिहास के सच और ईमानदारी से ही बनता है। और यह सब प्राप्त करने के लिए ईमानदारी के साथ सौदा नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह भी एक सच्चाई है कि राष्ट्र, सरकार एवं समाज ईमानदारी से चलते एवं बनते हैं, न कि झूठे इतिहास से। सच को झुठलाना, सच को ढ़कना एवं सच की अनभिज्ञता संसार में जितनी क्रूर है, उतनी क्रूर मृत्यु भी नहीं होती। नया भारत-विकसित भारत-समृद्ध भारत को निर्मित करते हुए हमें हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक इतिहास को जीवंतता देनी होगी एवं हमारी संस्कृति एवं इतिहास को कुचलने वाले आक्रमणकारी शक्तियों के विकृत एवं विरूप चेहरों को बेनकाब करना होगा।

## फर्जी तरीक से 12वीं कक्षा की परीक्षा में पेपर देने वाले 2 आरोपियो को किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** 10 मार्च को 12वीं कक्षा के इतिहास पेपर था। चेकिंग के दौरान स्कूल के सुप्रिडेंट को दो बच्चो पर शक हुआ। पुलिस टीम ने मौके पर बच्चो को चेक करने पर पता चला कि वे दोनों बच्चे फर्जी तरीके से पेपर दे रहे है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में मंजीत वासी अरुआ चांदपुर बल्लबगढ़ व प्रशांत वासी लडहौली फरीदाबाद के रहने वाले है। जिनसे पूछताछ में सामने आया कि मंजीत अपने भाई के स्थान पर तथा प्रशांत अपने दोस्त के स्थान पर परीक्षा देने आया था। दोनों आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

## सेक्टर 3 खाटू श्याम मंदिर में हुआ खाटू श्याम का भव्य जागरण

**समाचार गेट/सुमित गोयल**



**बल्लबगढ़।** श्री श्याम सेवा परिवार द्वारा सेक्टर 3 खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर भव्य खाटू श्याम का जागरण हुआ व भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम प्रकाश पसरीचा जी को आमंत्रित किया गया।संयोजक कैलाश शर्मा ने निशान यात्रा का फूलों से स्वागत किया। आ गया हूं बाबा तेरे दर पे दुनिया दारी छोड़ के, खाटू वाले श्याम जी कमाल हो गया जैसे भजनों पर सभी भक्त जन झूम उठे। इस मौके पर कपिल जुनेजा, श्याम कपूर,सीपी जोशी, अमित शर्मा, मुन्ना ने भोजन प्रशाद की व्यवस्था व पांडाल व्यवस्था में विशेष सहयोग रहा।

# कनीना नपा चुनाव की आज होने वाली मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी

### रामॉसवमा विद्यालय कनीना में रहेगें सुरक्षा के व्यापक प्रबंध, पांच टेबल के माध्यम से तीन राउंड में होगी मतगणना

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बीती 2 मार्च को नगरपालिका कनीना के हुए मतदान के बाद आज बुधवार 12 मार्च को सुबह आठ बजे मतगणना शुरू होगी। जिसके लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बता दें कि नपा चेयरमैन का पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए रिजर्व किया गया है जिसके सात महिलाओं को भाग्य ईवीएम के बंद है। इसी प्रकार 14 वार्डों के लिए 41 वार्ड पार्षद चुनाव में किस्मत अजमा रहे हैं। प्रत्याशियों तथा नगरवासियों की नजरें आज 12 मार्च को होने वाली मतगणना पर टिकी हुई हैं। 14 वार्डों में 10413 मतदाताओं में 9835 में अपना मत का प्रयोग किया है। सुबह 8 बजे मतगणना शुरू होगी। मतगणना के लिए प्रत्याशियों की ओर से अपने गणना एजेंट नियुक्त किए जा चुके हैं।

चुनाव अधिकारी एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि नपा के 14 वार्डों के लिए राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में बनाए गए स्टांग रूम में 14 वार्डों के लिए तीन राउंड की मतगणना होगी। स्टांग रूम में ईवीएम रखी गई हैं। जिनकी सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मचारी मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं। मतगणना हॉल में प्रधान पद के लिए पांच टेबल, पार्षद



पद के लिए पांच टेबल तथा एक टेबल आरओ के लिए लगाई जाएगी। मतगणना के समय सुरक्षा व्यवस्था सहित पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं।

कनीना में नगरपालिका का गठन 1952 में हुआ था। उसके बाद अब तक 10 बार चुनाव में निर्वाचित बॉडी ने काम किया है तो 9 बार नपा की बागडोर प्रशासक के हाथ में रही है। 1999 में इनेलो सरकार के सुप्रिमो व मुख्यमंत्री औमप्रकाश चैटाला द्वारा नपा को भंग कर पंचायत का दर्जा दे दिया था। जिस पर नगरवासियों से एकजुटता का परिचय दिया था।

इस बार चेयरमैन पद के लिए सीधा चुनाव हुआ है। बुधवार 12 मार्च को होने वाली मतगणना के बाद 11वीं महिला चेयरमैन पद की कुर्सी पर विराजमान होगी। निर्वाचित महिला प्रधान कनीना की बागडोर संभालकर विकास के क्षेत्र में आगे बढाने का काम करेगी।

कनीना नपा के पहले प्रधान चै बलबीर सिंह बने। उसके बाद चैधरी चाौधरी जानकी प्रसाद, संतोष कुमार, चैधरी बलबीर सिंह, राजेंद्र सिंह लोढा, उसके बाद बीडीपीओ सोहन लाल को प्रशासक लगाया गया। फिर मा दलीप सिंह प्रधान चुने गए। उनके बाद आईएएस वी राजा शेखर व बीडीपीओ मुनीलाल को प्रशासक नियुक्त किया। उसके बाद आरएस लोढा को प्रधान चुना गया। उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद तहसीलदार एमएस मोरवाल को प्रशासक नियुक्त किया गया। उसके बाद संतोष देवी तथा शारदा देवी प्रधान चुनी गई। बाद में एसडीएम संदीप सिंह तथा अभिषेक मीणा आईएएस को प्रशासक लगाया गया। उसके बाद सतीश जेलदार प्रधान पद की कुर्सी पर आसीन रहे। बाद में एसडीएम सुरेंद्र सिंह, अमित कुमार नपा प्रशासक रहे। फिलहाल एसडीएम डा जितेंद्र सिंह अहलावत नपा के प्रशासक के रूप में कार्यरत रहे हैं। चैधरी बलबीर सिंह की तीसरी पीढी तथा पूर्व नपा प्रधान मा दलीप सिंह के पुत्र दीपक चैधरी की पत्नी सुमन चैधरी तथा पूर्व नपा प्रधान राजेंद्र सिंह लोढा की पुत्रवधु रिंपी यादव चुनाव मैदान में होने से उनकी प्रतिष्ठा दांव पर है। दीपक चैधरी वार्ड दो से तथा राजेंद्र सिंह लोढा वार्ड 14 से पार्षद पद के प्रत्याशी हैं।

# कनीना तहसील के आरसी पर लगे मोरगेज पंजीकरण पर पैसे लेने के आरोप

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**


**कनीना।** जमींन का केसीसी बनवाने आए एक व्यक्ति ने तैश में आकर कनीना तहसील कार्यालय में कार्यरत आरसी को ने केवल भला-बुरा कहा बल्कि उग्र रूप धारण कर जातिसूचक शब्द कहते हुए गालीगलोच कर कागज फाड दिए। नायब तहसीलदार व अन्य स्टाफकर्मियों ने आरसी को छुडवाया तो आरोपी व्यक्ति धमकी देकर फरार हो गया। इस बारे में आरसी की ओर से तहसीलदार को शिकायत देकर आरोपी व्यक्ति के विरूध कार्रवाई की मांग की है।

इस बारे में आरसी अरूण कुमार निवासी ढाढोत ने तहसीलदार को दी शिकायत में कहा कि वह कनीना तहसील कार्यालय में बतौर पंजीकरण क्लर्क कार्यरत है। 10 मार्च को उसके कार्यालय में ईसराना

### आरसी व ग्रामीण के मध्य हुई गालीगलोच, पुलिस तक पंहुचा मामला

### नायब तहसीलदार व स्टाफ कर्मियों ने किया बीच-बचाव

वासी संजय मोरगेज डीड पंजीकरण करवाने के लिए आया। इस दौरान वह उनसे नाम-पता व जाति आदि पूछकर कागजात पूरे करके लाने की कहकर चला गया। मंगलवार, 11 मार्च को दोपहर करीब एक बजे संजय वासी इसराना उनके पास आया तब उनकी सीट पर भीड हो रखी थी। आरोपी संजय ने अपना टोकन दिखाते हुए


प्रेषक
अरूण कुमार पंजीकरण लिपिक,
तहसील कार्यालय कनीना।
सेवा में
तहसीलदार
कनीना।
यादि क्रमांक 465 /आर.सी. दिनांक 11/3/25
विषय:- आरोपी संजय वासी ईसराना द्वारा सरकारी कार्यों में बाधा डालने, मारपीट, गालीगलौच, जान से मारने की धमकी देने बारे व जाति सूचक शब्द कहने पर कानूनी कार्यवाही करने बारे।

निवेदन है कि मैं अरूण कुमार पुत्र श्री जयप्रकाश वासी ढाढोत जिला महेन्द्रगढ़ तहसील कार्यालय कनीना में पंजीकरण लिपिक के पद पर कार्यरत हूं। कल दिनांक 10.03.2025 को मैं तहसील कार्यालय में पंजीकरण का कार्य कर रहा था समय लगभग 3:30-4:00 पी.एम. बजे पर संजय वासी ईसराना मेरे पास तहसील कार्यालय में आया और मेरे से मोरगेज डीड पंजीकरण कराने बारे कहा जो तहसील कार्यालय में कार्य ज्यादा होने के वजह से मैंने संजय उपरोक्त को उसके कागजात पूरे करने के बाद दिनांक 11.03.2025 को कार्यालय में आने बारे कहा। जिस पर संजय उपरोक्त तहस में आ गया और उसने मेरे से मेरा नाम व जाति पूछी जिस पर मैंने अपना नाम अरूण कुमार व जाति हेडी बताई फिर संजय वहां से चला गया और दिनांक 11.03.2025 को समय लगभग 1:00पी.एम. को तहसील कार्यालय कनीना में अपनी सीट पर रजिस्ट्री पंजीकरण का कार्य कर रहा था। कार्यालय में काफी भीड़ हो रखी थी। तभी संजय उपरोक्त मेरे पास आया और अपना टोकन देकर अपने कागजात दिखाये जो संजय उपरोक्त के रजिस्ट्री पंजीकरण के कागजात पूरे नहीं थे। जिस पर मैंने कागजात पूरे करने बाबत कहा जिस पर संजय उपरोक्त गुस्से में आ [illegible] पकड़कर कहने लगा कि सरकार ने दफ्तरों में सीटों पर हेडी जाति ढेड बिठा दिये और उनको कोई काम नहीं आता और हम राजपूतों को इन ढेडों के सामने अपना काम करवाने के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं और मैं इस हेडी(ढेड) को ठीक कर दुगा आरे वहां मेरी टेबल पर पहले से रखे कुछ कागजात फाड दिये और अपने फोन में मेरी विडियो बनाने लगा। उस समय वहां पर पब्लिक के लोग व मेरे साथी भी मौके पर मौजूद थे उसी समय कार्यालय की वर्किंग की रूटीन जांच करने के लिए नायब तहसीलदार श्रीमान दलबीर सिंह दुगल मौके पर पहुंच गये। सेवादार आरती नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुगल और उमेद सिंह जाखड ने मुझे संजय उपरोक्त से छुडवाया। मुझे काफी बेइज्जती महसूस हुई। उसके बाद संजय उपरोक्त भीड का फायदा उठाकर मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। जिसको सामने आने पर पहचान लूंगा। इस प्रकार उपरोक्त अपराध करके संजय उपरोक्त ने सरकारी कार्य में बाधा डाली। संजय उपरोक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जावे।

प्रार्थी
अरूण कुमार पुत्र श्री जयप्रकाश
वासी ढाढोत जिला महेन्द्रगढ़
पंजीकरण लिपिक कार्यालय कनीना।

पृ0क्रमांक 265/रीडर दिनांक 11/03/25
मूल रूप में थाना प्रबंधक थाना शहर कनीना को भेजकर लिखा जाता है कि उपरोक्त शिकायत में एफ.आई.आर दर्ज करके कानूनी कार्यवाही की जावे व इस कार्यालय को सूचित करें।
तहसीलदार
कनीना

पंजीकरण करवाने की बात कही। लेकिन कागजात पूरे नहीं थे। उन्होंने कागजात पूरे करने को कहा तो वह तैश में आ गया ओर कागजात उनके उपर फेंककर मारे तथा गालीगलोच करने लगा ओर गिरेबांन पकडकर जातिसूचक शब्द कहते हुए उनकी कार्यप्रणाली पर उंगली उठाई। इतना ही नहीं आरोपी ने मोबाईल से उनकी वीडियो भी बनाई। इसी दौरान वहां पर नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल भी निरीक्षण करते हुए वहां आ गए उनके साथ कानूनगो उमेद सिंह जाखड व सेवादार आरती भी थे जिन्होंने उनका बीच-बचाव किया। संजय ईसराना भीड का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया। तहसीलदार ने आर की शिकायत को कनीना शहर थाने में भेज दी है जिस पर पुलिस छानबीन कर रही है।

इधर मोरगेज डीड बनवाने आए पीडित संजय ने आरसी पर मारपीट का आरोप लगाया ओर कहा कि वह 28 कनाल जमींन का पंजीकरण करवाने करवाने के लिए पिछले दिनों से तहसील कार्यालय के चक्कर लगा रहा है। इस बारे में उनकी ओर से तीन बार उन्होंने टोकन कटवाए जा चुके हैं लेकिन आरसी द्वारा कभी खर्चा-पानी देने तो कभी कागजात पूरे न होने की कहकर उन्हें रद्द करवाता रहा है। उन्होंने कहा कि आगमी 6 अप्रैल, रामनवमी को उनके घर में पुत्री की शादी के लिए समारोह का आयोजन किया जाना है जिसके लिए पैसे की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि आरसी पैसे देने वालों का पंजीकरण कर देता है ओर न देने वाले व्यक्तियों के चक्कर लगवाता है।

# विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में एसडी के छात्र तेजश का हुआ चयन

### विद्यालय में समारोह का आयोजन कर मेधावी छात्र का किया सम्मानित



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव व प्राचार्य ओमप्रकाश ने विज्ञान मॉडल में श्रेष्ठ स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी तेजश को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि पिछले पांच वर्षो से लगातार इस विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, प्रतियोगिता में एसडी स्कूल के विद्यार्थी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते रहे हैं। इसमें विद्यार्थियों द्वारा नवाचार प्रस्तुत करने होते हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा विज्ञान में विशेष रुचि रखने वाले प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित करने और उनके रचनात्मक विचारों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाती है। तीन चरण जिला, प्रदेश तथा नैशनल स्तर पर होने वाली इस प्रतिोगिता में देशभर से विद्यार्थी हिस्सा लेते हैं। किसी भी विद्यार्थी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता है, तो उसे एक महीने के लिए जापान जाकर वैज्ञानिक बारिकियां सीखने का अवसर मिलता है। इसी प्रतियोगिता में छात्र तेजश द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट को अवार्ड के लिए चुना गया। छात्र ने इस प्रोजेक्ट पर अपने सहायक शिक्षक जसबीर जांगिड़ के मार्गदर्शन में काम कर उपलब्धि हासिल की। चेयरमैन ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रतिभावान छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने और उनके भविष्य को संवारने के उद्देशय से शुरू की गई महत्वपूर्ण योजना है। जिससे विद्यार्थियों को आगे बढने को मौका मिल रहा है। इसमें छात्र अपनी रुचि के अनुसार प्रोजेक्ट्स तैयार करते हैं, जिससे उनकी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ आरएस यादव, कॉडिनेटर ईश्वर सिंह, जोगेन्द्र, स्नेहलता, प्रियंक, संजय कुमार सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपसथित थे।

# अग्रवाल समिति बल्लबगढ़ द्वारा आयोजित किया होली मिलन समारोह



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लबगढ़।** त्योहारों पर मिलन समारोह आयोजित करना न केवल भाग दौड़ भरी जिंदगी को कुछ पल सुकून के दिलाता है बल्कि यह हमारी प्राचीन संस्कृति को भी बचाए रखने में सहायक होता है। उक्त विचार प्रसिद्ध समाज सेवी मुकेश मंगला ने अग्रवाल समिति बल्लबगढ़ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में व्यक्त किए। कार्यक्रम में ब्रज के रसिया, लोकगीतों के साथ-साथ होली के गीतों पर भी सभी जमकर झूमे। कार्यक्रम में मेरो खो गयो बाजूबंद रसिया, होली में होली में होली में, होलिया में उड़े रे गुलाल जैसे अनेकों गीतों पर महिलाओं ने भी नृत्य कर होली मिलन समारोह को यादगार बना दिया।

उक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंगला ने बताया कि समिति द्वारा आयोजित इस

### लोकगीत व होली के गीतों पर महिलाओं ने नृत्य कर होली मिलन समारोह को बनाया यादगार।

कार्यक्रम में श्री वैश्य अग्रवाल समाज का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भगवान दास गोयल, वरिष्ठ अधिवक्ता पी के मित्तल, दीपक चौधरी निवर्तमान पार्षद, दीपक यादव, गिरीश भारद्वाज, विनोद गोस्वामी, अशोक अग्रवाल, रविंद्र फौजदार, बिशन बंसल, सुनील गोयल, विनोद मित्तल, अश्विनी कौशिक, विनोद गर्ग, राकेश गर्ग, पंकज गर्ग, मनमोहन गुप्ता, संजय गुप्ता, अरविंद, योगेश गुप्ता, कन्हैया, राजेश, ईश्वर दयाल गोयल, विजय बंसल, अशोक गुप्ता, तरुण जिंदल, संजय गर्ग, नीरज गुप्ता,पीयूष गुप्ता, सुनील मित्तल एवं समाज के अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपसथित थे। अग्रवाल समिति के महासचिव लोकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष घनश्याम मित्तल, सागर गुप्ता, गौरव अग्रवाल, दीपक सिंगला, पंकज सिंगला, सचिन अग्रवाल, केदार अग्रवाल, ललित मित्तल, दिनेश, विजय मंगला, राजू गर्ग, सुमित सिंगला, राजीव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। समिति की लेडीज विंग की ओर से हेमा जैन, सीमा सिंगला, राजरानी गोयल, प्रेरणा अग्रवाल, पूनम गोयल, सुनीता गुप्ता, कविता सिंगला, सुनीता गोयल, छवी बंसल, पूनम अग्रवाल,सपना सिंगला, नेहा गोयल, अंकिता सिंगला, दीपिका गर्ग, पूनम अग्रवाल, नीलम गोयल, गोल्डी, कंचन मित्तल एवं अनेकों महिलाएं होली के गीतों पर जमकर झूमीं।

# नूंह में मुआवजे को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों को पुलिस ने लिया हिरासत में

### मेवात में पहली बार सैकड़ों महिलाओं ने दी गिरफ्तारी, बसों में बैठाकर ले गई पुलिस

### रोजका मेव थाने में किसानों पर सरकारी कार्य में बाधा डालने का हुआ मुकदमा दर्ज

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** मंगलवार को नूंह जिले के धीरधूका गांव में एक साल से अपनी ज़मीन के मुआवजे को लेकर धरने पर बैठे किसानों को पुलिस ने बसों में बैठाकर गिरफ्तार कर लिया। इतना ही नहीं इस दौरान एक हरियाणा रोड़वेज की बस में महिलाओं को भी बैठाकर हिरासत में लिया गया। मंगलवार को मेवात में ऐसा पहली बार देखने को मिला जब सैंकड़ों महिलाओं को पुलिस द्वारा बसों में बैठाकर एक साथ हिरासत में लिया गया। वहीं सोमवार को किसानों द्वारा एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों के साथ भारी पुलिसबल जब कार्य शुरू कराने के लिए जेसीबी लेकर धरना प्रदर्शन पर पहुंचा तो किसानों द्वारा कार्य को रुकवा दिया गया, जिसके बाद रोजकामेव पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं मंगलवार को भारी तादाद में किसानों की हुई गिरफ्तारियों से मेवात के किसानों में हलचल मच गई। जब एचएसआईआईडीसी के कर्मचारी भारी पुलिस बल के साथ चार



जेसीबी को लेकर नालियों और रास्तों के कार्य करने को लेकर मौके पर पहुंचे तो, उस समय हजारों किसान महिलाओं और बच्चों के साथ कार्य स्थल पर पहुंचे , जहां पुलिस और किसानों का आमना सामना हो गया। इस दौरान किसानों ने कार्य को रूकवाते हुए कहा कि जब तक उनकी दो मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक वह काम नहीं होने देंगे। इस दौरान महिलाओं ने मोर्चा संभालते जेसीबी के सामने खड़ी हो गई और छोटे-छोटे बच्चे आराम से धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करते हुए जमीन पर बैठकर और



सरकार विरोधी नारे लगाते हुए अपनी जमीन के बचे मुआवजे की मांग करते रहे। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि हमारी जमीन को सरकार ने ओने पोने दामों में खरीद कर हमें सड़क पर ला दिया है। इतना ही नहीं सरकार द्वारा उनका बचा हुआ मुआवजा भी अभी तक नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी दो मुख्य मांगे हैं। एक तो यह है कि सरकार उनके बचे हुए मुआवजे को दे और दूसरी उनसे अंग्रेजी में लिया गया एग्रीमेंट निरस्त किया जाए।

किसानों ने बताया कि लगभग 15 साल पहले सरकार ने किसानों की रोजका मेव आईएमटी के लिए 1600 एकड़ जमीन भूमि अधिग्रहण की थी। इस जमीन का 45 लाख रुपए तक मुआवजा देने की बात कही गई थी। लेकिन किसानों को 20 लाख रुपए तो दे दिए गए लेकिन उनके 25 लाख रुपए अभी तक नहीं दिए गए हैं। जिसको लेकर किसान पिछले एक साल से धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। किसानों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी जब तक वह काम शुरू नहीं होने देंगे।

**अभी भी कुछ भी कहने से बचते रहे अधिकारी**

इस दौरान मौके पर पहुंचे अधिकारी कुछ भी कहने से बचते हुए नजर आए। जब पत्रकारों ने उनसे बात करने की कोशिश की तो अधिकारियों ने कहा कि अभी ऊपर से उनके लिए कोई आदेश नहीं आए हैं। जब कोई आदेश आएंगे तो वह जरूर जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि वह उच्च अधिकारियों के आदेश पर कार्य शुरू करने के लिए भारी पुलिस बल के साथ आए थे ,लेकिन किसानों ने अभी मौके पर पहुंच कर काम रुकवा दिया है और किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व नेपाल नरेश के समर्थकों ने की पीएम के खिलाफ नारेबाजी, ओली की ज्ञानेंद्र को चुनाव लड़ने की चुनौती

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह पोखरा में एक महीने के प्रवास के बाद रविवार को काठमांडो लौटे। हवाईअड्डे पर समर्थकों का बड़ा जमावड़ा रहा, जिन्होंने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ नारेबाजी भी की। पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए नेपाली पीएम ओली ने भी पूर्व नेपाल नरेश ज्ञानेंद्र शाह को मुख्यधारा की राजनीति में आकर चुनाव लड़ने की चुनौती दी। इससे पहले काठमांडो के विभिन्न हिस्सों से निकाली गईं रैलियों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें भी दिखीं। इस बीच, सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि देश में राजशाही की वापसी की कोई संभावना नहीं है। नेपाल के पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह (77) पोखरा स्थित अपने वंश के मंदिर में आलमदेवी के दर्शन के लिए गए थे। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरने के बाद जब ज्ञानेंद्र बाहर निकले तो समर्थकों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र ने 19 फरवरी को प्रजातंत्र दिवस के अवसर पर एक बयान जारी कर लोगों से समर्थन मांगा था। आरपीपी सहित अन्य दलों ने पूर्व नरेश के बयान का समर्थन किया था। इस के बाद जब पूर्व नरेश पहली बार रविवार को काठमांडो लौटे ते उनका भव्य स्वागत हुआ। आरपीपी नेताओं ने अपनी पूर्वनिर्धारित बैठक भी स्थगित कर दी और पूर्व राजा का स्वागत करने चले गए।

### पेंसिल्वेनिया में बीचक्राफ्ट बोनान्जा विमान दुर्घटनाग्रस्त, पांच लोग थे सवार

**पेंसिल्वेनिया, एजेंसी।** रविवार को पेंसिल्वेनिया के एक उपनगरीय इलाके में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह दुर्घटना मैनहेम टाउनशिप में लैंकेस्टर हवाई अड्डे के पास दोपहर करीब 3 :00 बजे हुई। स्थानीय पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त विमान में पांच लोग सवार थे, लेकिन इस हादसे में किसी के मरने या घायल होने के बारे में तत्काल जानकारी नहीं मिल पाई है। इस हादसे को लेकर संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने पुष्टि की है कि यह दुर्घटना बीचक्राफ्ट बोनांजा विमान में हुई, जिसमें पांच लोग सवार थे। दुर्घटना के बाद सोशल मीडिया पर साझा की गई फुटेज में विमान के मलबे से काले धुएं का गुबार उठते हुए और आग की लपटों में घिरे हुए कई वाहनों को देखा जा सकता है। हालांकि अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि दुर्घटना के कारण क्या थे या क्या विमान में सवार लोगों को कोई चोट आई है। अधिकारियों द्वारा जांच जारी है और मामले की अधिक जानकारी आने का इंतजार किया जा रहा है।

### स्पेन में कट्टरपंथी नेटवर्क का भंडाफोड़, 10 पाकिस्तानी गिरफ्तार

**मैड्रिड , एजेंसी।** स्पेन की पुलिस ने एक कट्टरपंथी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 10 पाकिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है। यह सभी हिंसा भड़काने और आतंकी हमलों की साजिश रचने में शामिल थे। स्पेनिश अफसरों के अनुसार, संयुक्त अभियान स्पेन की राष्ट्रीय पुलिस मोस्सोस डी'एस्काड्रा (कैटालोनिया पुलिस) और इटली की कानून प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से चलाया गया। अभियान के तहत इटली के पियाचेंजा शहर में भी एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। पाकिस्तानी न्यूज चैनल समा टीवी के मुताबिक तीन मार्च की रात को कई स्पेन और इटली के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया। वहीं, 6 मार्च को सभी गिरफ्तार संदिग्धों को स्पेन के केंद्रीय जांच न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन्हें आतंकी फंडिंग, भर्ती और उग्रवाद फैलाने के आरोपों का सामना करना पड़ा। कोर्ट ने चार संदिग्धों को हिरासत में रखने का आदेश दिया, जबकि बाकी की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार जांच में पाया गया कि यह चरमपंथी संगठन एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर हिंसक निर्देश जारी करता था और यूरोप व पाकिस्तान में हमलों के लिए तारीफ करता था।

### मेक्सिको में टैरिफ़ स्थगन पर खुशी की लहर, शिनबाम के नेतृत्व में जश्न

**मैक्सिको सिटी , एजेंसी।** रविवार को मेक्सिको के हजारों लोग राजधानी के मुख्य चौक पर इकट्ठा हुए। साथ ही राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम के साथ जश्न मनाया। यह जश्न अमेरिका द्वारा मेक्सिको से आयात होने वाली वस्तुओं पर लगाए गए 25प्रतिशत टैरिफ़ को एक महीने के लिए स्थगित करने के बाद मनाया गया। भीड़ ने बड़े मेक्सिकन झंडे लहराए और मेक्सिको का सम्मान किया जाना चाहिए के नारे लगाए। राष्ट्रपति शिनबाम ने भीड़ से कहा कि सौभाग्य से संवाद और सम्मान की जीत हुई है। बता दें कि यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लिया गया था, जिन्होंने यह कहा था कि शिनबाम ने ड्रग तस्करी और अवैध अप्रवास के मुद्दों पर प्रगति की है। शिनबाम ने इस सफलता के बाद किसी प्रकार की जवाबी कार्रवाई की योजना को स्थगित कर दिया और सामूहिक रूप से जश्न मनाया।

### कराची में अफगान बस्ती में घर की छत गिरने से पांच बहनों समेत छह की मौत

**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची के अफगान बस्ती इलाके में शनिवार रात एक दुखद हादसा हुआ। जहां एक घर की छत गिरने से पांच अफगान बहनों समेत कुल छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घर में कुछ निर्माण कार्य चल रहा था जब यह हादसा हुआ। मामले में गुलशन–ए–मयमार स्टेशन हाउस ऑफिसर आगा असदुल्लाह ने बताया कि घर में परिवार के 10 सदस्य सो रहे थे, जिनमें पांच छोटी बहनें शामिल थीं। हादसे में चार लड़कियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लड़कियों को अस्पताल में मृत घोषित किया गया। मृतकों में सात, आठ, 10, 14 और 20 साल की पांच बहनें शामिल थीं।

# अब पाक के डिप्टी पीएम भी जाएंगे बांग्लादेश, आईएसआई की एंट्री के बाद बदल रहे समीकरण

**ढाका, एजेंसी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच 1971 से ही बहुत अच्छे रिश्ते नहीं रहे हैं, लेकिन शेख हसीना की सत्ता से विदाई होने के बाद समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठन अब बांग्लादेश की सत्ता में काबिज हैं और अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस उनके समर्थन में हैं। इसके चलते पाकिस्तान से बांग्लादेश तेजी से रिश्ते सुधार रहा है। पाकिस्तान से आयात को मंजूरी मिली है तो चटगांव समेत दो बंदरगाहों तक पाक से आने वाला माल सीधे पहुंच रहा है। यही नहीं अब राजनीतिक रिश्ते भी सुधर रहे हैं। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम मोहम्मद इशाक डार बांग्लादेश जाने वाले हैं। यह यात्रा शहबाज शरीफ और मोहम्मद यूनुस की कई मंचों पर मुलाकात होने के बाद होगी।



यह दौरा अहम है क्योंकि 2008 के बाद से अब तक मंत्री स्तर का भी कोई व्यक्ति पाकिस्तान से बांग्लादेश के दौरे पर नहीं गया था। शेख हसीना सरकार के दौर में पाकिस्तान को ज्यादा तवज्जो नहीं दी जा रही थी और भारत के साथ अच्छे रिश्ते थे। लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। यहां तक कि भारत के पूर्वोत्तर से लगने वाले हिस्से में भी बांग्लादेश के अधिकारी पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई के लोगों को लेकर पहुंचे थे। इस तरह की निकटता भारत के लिए भी चिंता का सबब है। खासतौर पर चिंता इस बात की है कि पूर्वोत्तर भारत में पाकिस्तानी एजेंसी साजिश का खेल शुरू कर सकती है। पहले भी आईएसआई ने पाकिस्तान से लेकर पूर्वोत्तर तक में उग्रवाद और अलगाववाद को बढ़ाने के प्रयास किए हैं। पाकिस्तान के डिप्टी पीएम के दौरे से पहले बांग्लादेश के सलाहकार मोहम्मद तौहिद हुसैन और इशाक डार की जेद्दा में मुलाकात हुई थी। ढाका स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग का कहना है कि यह मुलाकात बहुत अच्छे माहौल में हुई। यह मीटिंग इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक से इतर हुई। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने आपसी रिश्तों को मजबूत करने पर सहमति जताई। बीते साल अगस्त में ही शेख हसीना की बांग्लादेश की सत्ता से विदाई हुई थी। उसके बाद से ही बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामिक ताकतें मजबूत हुई हैं। इन लोगों का मानना है कि बांग्लादेश को भारत की बजाय पाकिस्तान के करीब जाना चाहिए। यही नहीं 1971 में बांग्लादेश निर्माण के लिए भी ये लोग भारत को श्रेय नहीं देना चाहते। यही नहीं अब वे पाकिस्तान से भाईचारा ही बढ़ाने के पक्ष में हैं और ऐसा इस्लाम के नाम पर करने की कोशिश है।

### हमने जो किया, उस पर हमें गर्व है, बतौर पीएम अपने आखिरी संबोधन में जस्टिन ट्रूडो ने गिनाई उपलब्धियां

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बतौर पीएम अपने आखिरी संबोधन में कहा कि हमने बीते एक दशक में जो मध्यम वर्ग और कड़ी मेहनत करने वाले लोगों के लिए किया, हमें उस पर गर्व है। लिबरल पार्टी के सम्मेलन में ट्रूडो ने कहा कि लिबरल पार्टी अब एक नए दौर में दाखिल हो रही है। ऐसे में एक जिम्मेदारी है कि ये सुनिश्चित किया जाए कि कनाडा इस धरती का सबसे अच्छा देश रहेगा। जस्टिन ट्रूडो ने पार्टी समर्थकों से अपील की कि वे कनाडा के लिए पूरी मेहनत से लड़ाई लड़ते रहें। ट्रूडो ने पूर्व पीएम लीस्टर बी पीयर्सन को याद करते हुए कहा कि 60 साल पहले लीस्टर बी पीयर्सन ने पार्लियामेंट हिल पर कनाडा का झंडा फहराया था। अभी भी बहुत से अध्याय लिखे जाने बाकी हैं और मैं ये कह सकता हूं कि दुनिया ये देख रही है कि कनाडा के लोग क्या कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ये वक्त देश के लिए बेहद अहम है। लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए निरंतर प्रयास की जरूरत होती है। ट्रूडो के संबोधन से पहले उनकी बेटी ने भी संबोधन दिया और अपने पिता की जमकर तारीफ की। रविवार रात हुए लिबरल पार्टी के सम्मेलन में पार्टी ने मार्क कार्नी को अपना नया नेता चुना है। वे अब बतौर पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। उन्होंने पीएम पद की रेस में पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड, पूर्व सदन की नेता करीना गोल्ड और पूर्व सांसद फ्रैंक बेलिस को पछाड़ा।

### भारत-जापान के संयुक्त युद्धाभ्यास धर्म गार्जियन का समापन, दोनों देशों के रक्षा संबंध होंगे मजबूत



**टोक्यो, एजेंसी।** भारत और जापान के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास धर्म गार्जियन का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह संयुक्त युद्धाभ्यास का छठा संस्करण था, जिसका आयोजन जापान के ईस्ट फुजी ट्रेनिंग एरिया में हुआ। भारतीय सेना ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। 24 फरवरी से शुरू हुआ यह युद्धाभ्यास 9 फरवरी तक चला। इससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत होगा। इस बार के आयोजन में सैनिकों की संख्या में बढ़ोतरी की गई।

**भारत–जापान के रक्षा संबंध होंगे मजबूत :** संयुक्त युद्धाभ्यास के समापन समारोह में जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेजीएसडीएफ) प्रथम डिवीजन के कमांडिंग जनरल लेफ्टिनेंट जनरल टोरिउमी सेजी शामिल हुए। उन्होंने युद्धाभ्यास में भाग लेने वाले सैनिकों की तारीफ की और कहा कि युद्धाभ्यास में सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उन्होंने संयुक्त प्रशिक्षण पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की, जिसने दोनों सशस्त्र बलों की परिचालन तत्परता को मजबूती मिली और इसने भारत-जापान रक्षा संबंधों को गहरा किया। लेफ्टिनेंट जनरल टोरिउमी सेजी ने कहा कि दोनों देशों के रक्षा बलों के बीच अधिक सहयोग और आपसी समझ को बढ़ावा देने की जरूरत है।

**शहरी आतंकवाद से निपटने पर रहा जोर :** भारत और जापान के बीच हुआ यह संयुक्त सैन्य अभ्यास मुख्य रूप से शहरी इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर केंद्रित था। इसके अलावा, मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) सहित संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों से संबंधित गतिविधियों का भी पूर्वाभ्यास किया गया।

### भूकंप के झटकों से हिला अफगानिस्तान, हिंदुकुश क्षेत्र में जमीन से महज 10 किलोमीटर नीचे था केंद्र

**काबुल, एजेंसी।** सोमवार को भारत का पड़ोसी देश अफगानिस्तान भूकंप के तेज झटकों से दहल गया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मैग्नीट्यूड रही, लेकिन भूकंप का केंद्र जमीन से महज 10 किलोमीटर नीचे था, जिससे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि भूकंप का केंद्र हिंदुकुश क्षेत्र था। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने बताया कि जमीन में गहराई में आने वाले भूकंपों की तुलना में सतह पर ऊपर आने वाले भूकंप ज्यादा खतरनाक होते हैं। ऊपरी सतह में आने वाले भूकंपों में ऊर्जा ज्यादा निकलती है, जिससे जमीन पर मौजूद संरचनाओं को नुकसान ज्यादा होता है। फिलहाल अफगानिस्तान में आए भूकंप में नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 8 मार्च को पाकिस्तान में आए भूकंप की तीव्रता 4.2 थी और इसमें भी कोई नुकसान नहीं हुआ था। बीते महीने भारत के दिल्ली एनसीआर के इलाके में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस भूकंप की तीव्रता भी 4.0 थी। इस भूकंप का केंद्र भी जमीन से सिर्फ पांच किलोमीटर नीचे था। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मदद कार्यालय के अनुसार, अफगानिस्तान प्राकृतिक आपदा के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और अफगानिस्तान में बाढ़, भूस्खलन और भूकंप का खतरा ज्यादा है।

# अमेरिका के पेन्सिल्वेनिया में एक और भीषण विमान हादसा, जमीन से टकराकर प्लेन में लगी भयंकर आग

**पेन्सिल्वेनिया, एजेंसी।** अमेरिका में एक और भयानक विमान दुर्घटना घटी है। पेन्सिल्वेनिया में एक छोटा विमान पार्किंग क्षेत्र में गिर गया और जमीन से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ज़मीन से टकराते समय विमान में विस्फोट हो गया और आग लग गई। आग की भीषण लपटों ने आसपास खड़े पेड़ों को भी अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर की आवाज सुनते ही लोग दौड़े आए और जिन्होंने काले धुएं का गुबार देखा उनके होश उड़ गए। धुएं के कारण कई लोगों को आंखों में जलन और सांस लेने में समस्या हुई।

दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर आकर स्थिति पर नियंत्रण किया। जांच में पता चला कि विमान में एक ही परिवार के 5 लोग सवार थे, लेकिन उनके बारे में अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है कि वे जीवित हैं या नहीं। लेकिन बताया जा रहा है कि विमान में सवार सभी पांच लोगों को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया है। एक घर के पार्किंग एरिया में विमान दुर्घटना का डरावना वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आग की बड़ी-बड़ी लपटें और काला धुआं देखा जा सकता है।

**हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर :** हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, विमान दुर्घटना लैंकेस्टर हवाई अड्डे के पास, पेंसिल्वेनिया के मैनहेम टाउनशिप में हुई। 9 मार्च को भारतीय समयानुसार दोपहर 3:18



बजे हुई दुर्घटना के बाद राजमार्ग संख्या 501 को बंद कर दिया गया था। विमान को जलते हुए देखने के लिए फेयरव्यू ड्राइव और मीडोव्यू कोर्ट में लोगों की भीड़ जमा हो गई। विमान का पिछला हिस्सा समेत मलबा पार्किंग में खड़ी कारों के बीच जा गिरा, जिससे कई लोगों के घायल होने की भी खबर है।

मैनहेम टाउनशिप के अग्निशमन प्रमुख स्कॉट लिटिल ने बताया कि विमान एकल इंजन वाला बीचक्राफ्ट बोनान्ज़ा था, जो मैनहेम टाउनशिप में ब्रेथ्रेन विलेज रिटायरमेंट कम्युनिटी सेंटर के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें विमान का मलबा आग की लपटों और काले धुएं से घिरा नजर आ रहा है। मौके पर पहुंची दमकल और अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

# कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा बनना कबूल नहीं करेगा: पीएम मार्क कार्नी

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के नवनियुक्त प्रधानमंत्री मार्क कार्नी पद संभालते ही सबसे पहले डोनाल्ड ट्रंप पर ही बरस पड़े। अमेरिका राष्ट्रपति का नाम लिए बिना उन्होंने स्पष्ट कह दिया है कि कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा बनना कबूल नहीं करेगा। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप जबसे सत्ता में आए हैं वह कनाडा पर हमलावर हैं। पहले उन्होंने टैरिफ की धमकी दी और अब उनका कहना है कि अमेरिका और कनाडा के बीच की सीमा का पुनर्निर्धारण होना चाहिए। जस्टिन ट्रूडो पर उनकी ही पार्टी के अविश्वास के बाद अब अर्थव्यवस्था के जानकार और ट्रूडो सरकार में ही मंत्री रहे मार्क कार्नी को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। कार्नी ने कहा कि लिबरल पार्टी एकजुट है और कनाडा के हित में पहले ही की तरह काम करने को तैयार है। हमने इस देश को दुनिया का महान देश बनाया है और अब पड़ोसी चाहता है कि इसपर कब्जा कर लिया जाए। यह कभी नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, अमेरिका हमारे संसाधनों का दोहन करना चाहता है। उसे हमारे पानी, भूमि और देश की जरूरत है। अगर वे सफल हो गए तो




हम खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक संस्कृति को खत्म करने वाले पड़ाव पर आ खड़ा हुआ है। वहीं कनाडा विविधता का सम्मान करता है। कनाडा किसी भी रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं हो सकता। कार्नी 'बैंक ऑफ कनाडा' के पूर्व प्रमुख हैं और 'बैंक ऑफ इंग्लैंड' में अहम पद पर सेवाएं दे चुके हैं, माना जाता है कि इन अहम पदों पर रहने के कारण वह देश को आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकालने में सफल रहेंगे।कार्नी ने कहा, 'कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।' उनका सीधा इशारो डोनाल्ड ट्रंप की तरफ था।

उन्होंने कहा, 'जैसा कि हम जानते हैं डोनाल्ड ट्रंप ने हमारे द्वारा बनाए गए उत्पादों, हमारे द्वारा बेची जाने वाली वस्तुओं और हमारे जीवनयापन के साधनों पर अनुचित शुल्क लगा दिए हैं। वह कनाडाई परिवारों, श्रमिकों और व्यवसायों पर हमला कर रहे हैं लेकिन हम उन्हें सफल नहीं होने दे सकते।' कार्नी ने कहा कि कनाडा तब तक जवाबी शुल्क लागू रखेगा जब तक अमेरिकी इसे जारी रखता है।

उन्होंने कहा, 'हमने यह लड़ाई शुरू नहीं की लेकिन जब कोई तंग करता है तो कनाडावासी उसे छोड़ते भी नहीं हैं।' ट्रंप की ओर से कनाडा पर शुल्क लगाए जाने और कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने की बातों से भी देश में ट्रूडो के प्रति नाराजगी है। कुछ लोग अमेरिका की अपनी यात्राएं रद्द कर रहे हैं, जबकि कुछ लोग अमेरिकी सामान खरीदने से बच रहे हैं।

# सीरिया में अलवी समुदाय पर हिंसा तेज, असद समर्थकों और नई सरकार के बीच खूनी संघर्ष; सैंकड़ों लोगों की मौत

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया में बशर अल-असद की सत्ता खत्म होने के बाद भी हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। देश में नई इस्लामी सरकार के आने के बाद से अलवी समुदाय के खिलाफ हमले बढ़ गए हैं। ताजा संघर्ष असद समर्थकों और सरकारी बलों के बीच अलवी बहुल इलाकों में हो रहा है, जिसमें अब तक 1,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। इनमें से अधिकतर नागरिक बताए जा रहे हैं।

**कौन हैं अलवी समुदाय के लोग :** अलवी समुदाय शिया इस्लाम का एक शाखा है, जो सीरिया के तटीय इलाकों, खासकर लटाकिया और टार्टूस में बसा है। यह समुदाय दशकों तक सीरिया की सत्ता में प्रभावी रहा, क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद खुद अलवी थे। असद शासन में इस समुदाय को विशेष लाभ मिलता था, जिससे बहुसंख्यक सुन्नी आबादी में असंतोष था।

**सीरिया में अब क्यों भड़की हिंसा :** असद सरकार के पतन के बाद सुन्नी बहुल नई सरकार ने सत्ता संभाली, लेकिन अलवियों के खिलाफ हिंसा जारी रही। कट्टर सुन्नी गुट अलवियों को असद शासन का समर्थक मानकर हमला कर रहे हैं। इस दौरान कई आम नागरिकों को भी निशाना बनाया गया। संघर्ष की शुरुआत तब हुई जब सरकार ने एक वांछित अपराधी को अलवी बहुल गांव से गिरफ्तार किया। इसके बाद असद समर्थक लड़ाकों ने सरकारी सुरक्षा बलों पर




हमला कर दिया और असद के गृहनगर कर्दाहा पर कब्जा कर लिया। हालांकि, सरकारी सेना ने जवाबी कार्रवाई कर इलाके पर दोबारा नियंत्रण कर लिया।

**सरकार और अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाएं :** सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शराअ ने सभी पक्षों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। सरकार ने हिंसा की जांच के लिए एक स्वतंत्र समिति बनाई है, जबकि कई मानवाधिकार संगठनों ने कहा है कि अलवियों के खिलाफ बदले की कार्रवाई की जा रही है। वहीं सीरियाई सेना के प्रवक्ता ने कहा कि सरकार सभी आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। हालांकि, अभी भी कई इलाकों में तनाव बना हुआ है, और हिंसा के जल्द थमने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही।

# कनाडा के नेता ने ट्रंप के टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की दी चेतावनी

**ओंटारियो, (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से लेकर यूरोप के कई मित्र देशों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। ट्रंप ने सीधे तौर पर कहा है कि जो देश अमेरिका के प्रोडक्ट पर जितना टैरिफ लगाएगा वह भी उतना ही शुल्?क उस देश पर लगाएंगे। ट्रंप ने चीन, कनाडा और मैक्सिको से इंपोर्ट होने वाले उत्पादों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

ट्रंप ने कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क 2 अप्रैल 2025 से लागू होगा। अमेरिका के ट्रंप सरकार के इस कदम से कनाडा भी भड़का हुआ है। ओंटारियो के पावरफुल नेता डग फोर्ड ने अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की चेतावनी दी है। कनाडा से जस्टिन ट्रूडो की विदाई के बाद अब मार्क कार्नी ने कनाडा की सत्ता संभाल ली है। इसके साथ ही अमेरिका के साथ जारी तनातनी ने और तल्ख रूप ले लिया है।

फोर्ड ने कहा कि ट्रंप के लिए एक पैमाना बाजार है, जिसमें अब खरबों डॉलर की गिरावट आ चुकी है। उन्होंने कहा कि वह बाजारों को समझते हैं। फोर्ड ने कहा कि आप ट्रंप को पसंद कर सकते हैं या उनसे नफरत कर सकते हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति स्मार्ट व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा लकड़ी, एल्युमिनियम, स्टील, पोटाश और यूरेनियम जैसे निर्यात बंद कर देता है, तो अमेरिका के लिए तबाही का रास्ता खुल जाएगा।

उन्होंने अमेरिकियों से अपने राष्ट्रपति पर दबाव डालने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि अगर ट्रम्प अपनी टैरिफ नीतियों के साथ पूरी तरह आगे बढ़ते हैं, तो दोनों देश नीचे की ओर जाएंगे। फोर्ड ने एनर्जी वॉर पर कहा कि कुछ भी संभव है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अगर वे किसी अमेरिकी राज्य से बिजली खरीद सकते तो वे कनाडा से नहीं खरीदते। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वे अपना एनर्जी प्रोडक्शन बढ़ाते रहेंगे, क्योंकि हमें ओंटारियो और पड़ोसियों के लिए इसकी ज़रूरत पड़ने वाली है।

अमेरिका पड़ोसी देश कनाडा से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रिसिटी इंपोर्ट करता है। टैरिफ वॉर के और गंभीर होने की स्थिति में यदि कनाडा की तरफ से एनर्जी वॉर छेड़ दिया तो फिर ऐसे हालात में ट्रंप के लिए डोमेस्टिक लेवल पर समस्याएं बढ़ सकती हैं। आसपास कोई ऐसा देश नहीं है जो अमेरिका को तत्काल इतनी बड़ी मात्रा में एनर्जी प्रोवाइड करा सकता है। बता दें कि ट्रंप ने कनाडाई एनर्जी इंपोर्ट पर तुलनात्मक रूप से कम टैरिफ लगाने की बात कही है, लेकिन अब कनाडा भी सख्त रुख अपना रहा है।



## सोने में तेजी के साथ कारोबार, चांदी के भाव में भी तेजी

**- सोने के भाव 85,600 रुपए, चांदी 96,800 रुपए के करीब**

**नई दिल्ली ।**

सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिल रही है। मंगलवार दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। मंगलवार को सोने के वायदा भाव 85,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 96,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में सुस्त शुरुआत के बाद सुधार देखने को मिल रहा है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 184 रुपये की तेजी के साथ 85,603 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 85,419 रुपये था। इस समय यह 214 रुपये की तेजी के साथ 85,633 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 281 रुपये की तेजी के साथ 96,746 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 96,465 रुपये था। इस समय यह 324 रुपये की तेजी के साथ 96,789 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक अंतरराष्ट्रीय बाजार में



सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई लेकिन बाद में इनके भाव सुधर गए। कॉमेक्स पर सोना 2,893.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,899.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.30 डॉलर की तेजी के साथ 2,900.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.53

## एचएफसीएल की सब्सिडियरी को आर्मी ने दिया काम, शेयरों 100 रुपए से भी है कम

HFCL

**नई दिल्ली।**

इंडियन आर्मी की तरफ से एचएफसीएल की सब्सिडियरी को काम मिला है। इस प्रोजेक्ट की कुल वैल्यू 44.36 करोड़ रुपए है। कंपनी के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। बीएसई में एचएफसीएल 84.81 रुपए के लेवल पर खुला। दिन में कंपनी के शेयरों का भाव 85.90 रुपए के लेवल पर था। एचएफसीएल ने बताया कि सब्सडियरी एचटीएल को 44.36 करोड़ रुपए का काम मिला है। कंपनी को इंडियन आर्मी को टैक्टिकल ऑप्टिकल फाइबल केबल एसेंबलीज का काम मिला है।

इससे पहले कंपनी ने बीएसएनएल के साथ फरवरी में समझौता किया है। पंजाब टेलीकॉम सर्किल में कंपनी को 2501.30 करोड़ का काम मिला है। दिसंबर क्वार्टर एचएफसीएल के लिए बहुत अच्छा नहीं रहा है। इस दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 10.40 फीसदी गिरा है। कंपनी का नेट प्रॉफिट 73.65 करोड़ रुपये रहा है। बता दें एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 82.24 करोड़ रुपए रहा। स्टॉक मार्केट में एचएफसीएल के शेयर संघर्ष करते दिखे हैं। बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 15 फीसदी गिरा है। वहीं, इस साल अबतक यह स्टॉक 26 फीसदी टूट चुका है। एक साल पहले एचएफसीएल के शेयरों पर दांव लगाने वाले निवेशकों को अबतक 18 फीसदी का नुकसान हुआ है।

दो साल में कंपनी के शेयरों का भाव 23 फासदी बढ़े हैं जबकि इस दौरान सेंसेक्स में 26 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। वहीं, तीन साल में स्टॉक का रिटर्न महज 13 फीसदी ही रहा है। जोकि सेंसेक्स इंडेक्स के 34 फीसदी के रिटर्न से कम है।

## 11 से 15 मार्च तक 4 कंपनियां करने वाली हैं स्टॉक स्प्लिट

**नई दिल्ली ।**

इस हफ्ते चार कंपनियां अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने जा रही हैं, जिससे उनके शेयर अधिक किफायती हो जाएंगे। स्टॉक स्प्लिट का मुख्य उद्देश्य छोटे निवेशकों के लिए शेयरों को सस्ता बनाना और बाजार में तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ाना है। इससे ज्यादा निवेशक इन कंपनियों के शेयर खरीदने के लिए आकर्षित होंगे। आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स ने अपने स्टॉक को 10 रुपए प्रति शेयर से घटाकर 2 रुपए प्रति शेयर करने का फैसला किया है। कंपनी ने इसके लिए 11 मार्च 2025 को रिकॉर्ड डेट तय की है। इसका मतलब है कि जो निवेशक इस तारीख तक कंपनी के शेयर होल्ड करेंगे, उन्हें स्प्लिट के अनुपात में अतिरिक्त शेयर मिलेंगे। मेहाई टेक्नोलॉजी ने भी अपने शेयरों का स्टॉक स्प्लिट करने की घोषणा की है। इस कंपनी के शेयर 10 रुपए से 1 रुपए प्रति शेयर किए जाएंगे। इसका एक्स-डेट 13 मार्च और रिकॉर्ड डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। इसी तरह, शालीमार एजेंसिस भी अपने स्टॉक का विभाजन कर रही है। इसके शेयर भी 10 से 1 रुपए प्रति शेयर हो जाएंगे। इसका एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट भी 13 और 14 मार्च को तय किया गया है। इसके अलावा, शंगार डेकोर अपने शेयरों को 5 से 1 रुपए प्रति शेयर करने जा रही है। इस कंपनी के स्टॉक स्प्लिट के लिए भी एक्स-डेट 13 मार्च और रिकॉर्ड डेट 14 मार्च 2025 तय की गई है। स्टॉक स्प्लिट का मतलब होता है कि कंपनी अपने मौजूदा शेयरों को छोटे हिस्सों में विभाजित कर देती है। इससे शेयर की कीमत घट जाती है, लेकिन कंपनी का कुल बाजार मूल्य वही बना रहता है। उदाहरण के लिए, अगर किसी कंपनी ने 1:5 स्टॉक स्प्लिट किया है, तो पहले जो एक शेयर 100 रुपए का था, वह अब पांच हिस्सों में बंट जाएगा और प्रत्येक शेयर की कीमत 20 रुपए होगी। हालांकि, निवेशकों के कुल शेयरों का मूल्य 100 रुपए ही रहेगा। स्टॉक स्प्लिट से छोटे निवेशकों के लिए शेयरों को खरीदना आसान हो जाता है। जब किसी कंपनी के शेयर बहुत महंगे हो जाते हैं, तो खुदरा निवेशकों के लिए उन्हें खरीदना मुश्किल हो जाता है। इसलिए कंपनियां स्टॉक स्प्लिट करके उन्हें सस्ता बनाती हैं, जिससे ज्यादा लोग उनमें निवेश कर सकें।

# आटे की कीमतों में कमी की संभावना, दाल-रोटी होगी सस्ती!

**नई दिल्ली।**

देश में बुआई क्षेत्र बढ़ने और मौसम के अनुकूल रहने से रबी सीजन 2024-25 में गेहूं और चने के उत्पादन में बढ़ोतरी की उम्मीद है।गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन में 11.54 करोड़ टन तक की उम्मीद जताई जा रही है। इसके साथ ही चने की उम्मीद भी 1.15 करोड़ टन है, जो पिछले साल के उत्पादन से अधिक है। गेहूं की मुद्रास्फीति में भी वृद्धि का सूचना मिली है। इससे आटे की कीमतों में कमी की संभावना है। सरकार को भंडार भरने में मदद भी मिलेगी। लेकिन कम भंडार की वजह से बाजार में गेहूं की कीमतें बढ़ती जा रही हैं। सरसों के उत्पादन में थोड़ी कमी की सूचना भी है, जिससे खरीफ और रबी सीजन के कुल खाद्यान्न उत्पादन में भी हलचल है। केंद्र सरकार ने गेहूं के 3.2 करोड़ टन की खरीद का लक्ष्य रखा है।



## थर्मैक्स केमिकल ने ओसीक्यू के साथ संयुक्त उद्यम बनाया

**नई दिल्ली ।**

थर्मैक्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी थर्मैक्स केमिकल सॉल्यूशंस ने ब्राजील की केमिकल कंपनी ओस्वाल्डो क्रूज क्यूमिका इंडस्ट्रिया ई कॉमर्सियो लिमिटेड (ओसीक्यू) के साथ एक विशेष शेयरधारक समझौता किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समझौते के अनुसार, थर्मैक्स नई इकाई में 51 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी रखेगी, जबकि ओसीक्यू के पास बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। कंपनी ने कहा कि संयुक्त उद्यम थर्मैक्स के मौजूदा संसाधनों, बुनियादी ढांचे और ग्राहक आधार का उपयोग करके ओसीक्यू द्वारा तैयार सामग्री का विनिर्माण, व्यापार, विपणन और बिक्री करेगा। गुजरात में थर्मैक्स के झगड़िया संयंत्र में ऐक्रेलिक रेजिन के साथ उत्पादन शुरू होगा। थर्मैक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशीष भंडारी ने कहा` कि ओसीक्यू अपने क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी है, और उनके साथ साझेदारी करने से हमें कई उद्योगों के लिए उच्च प्रदर्शन वाले रसायनों का निर्माण और वितरण करने में मदद मिलेगी।

## आरबीआई ने की भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने की घोषणा

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक नियामकीय सुरक्षा के दायरे में न्यूनतम हस्तक्षेप वाले नियम सहित पेमेंट सिस्टम में इनोवेशन को बढ़ावा देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) की पहुंच का विस्तार करने की भी बात की। मल्होत्रा ने डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह-2025 के उद्घाटन के मौके पर इस पहल को महत्वाकांक्षी घोषित किया। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक, सरकार, बैंक और भुगतान प्रणाली संचालक ने साथ मिलकर डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया का स्थायी लाभ देखा, लेकिन तब भी दिया कि अभी भी काम शेष है। आने वाले समय में उन्होंने तीन मुख्य क्षेत्रों पर काम करने का ऐलान किया - इनोवेशन को बढ़ावा देना, जागरूकता पैदा करना और अधिक कुशल सीमापार भुगतान को बढ़ावा देना। मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि आरबीआई सॉफ्ट टच नियमों के माध्यम से सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देते हुए नवाचार को प्रोत्साहित करता रहेगा। उन्होंने भुगतान परिवेश और



वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) के लिए कम हस्तक्षेप वाले दृष्टिकोण को अपनाने की भी बात की। उन्होंने कहा कि आरबीआई इन विनियमों के साथ अलग-अलग पहलुओं को संतुलित करने का प्रयास कर रहा है।

कुल मिलाकर भारतीय रिजर्व बैंक अपनी सुरक्षा और विनियमितता के साथ पेमेंट सिस्टम में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए नए कदम उठा रहा है। यह पहल भारत के डिजिटल भुगतान क्षेत्र को मजबूती देगी और उसे जागरूक और सुरक्षित बनाए रखने में मदद करेगी।





## अमेजन ने दिव्यांग महिला विक्रेताओं का समर्थन करने यूथ4जॉब्स से साझेदारी की

**नई दिल्ली ।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने डिजिटल ई-कॉमर्स परिवेश में दिव्यांग महिला विक्रेताओं का समर्थन करने के लिए यूथ4जॉब्स फाउंडेशन के साथ साझेदारी की है। इसके तहत इन महिलाओं को जरूरी प्रशिक्षण, संसाधन और उपकरण दिए जाएंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि साझेदारी के तहत, अमेजन सहेली कार्यक्रम कार्यशालाओं का आयोजन करेगी। इस साझेदारी का मकसद दिव्यांग महिलाओं और व्यापक बाजार अवसरों के बीच की खाई को पाटना और उन्हें अपने व्यवसाय को ऑनलाइन बढ़ाने के लिए अमेजन मंच का लाभ लेने में मदद करना है। अमेजन इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि यूथ4जॉब्स के साथ हमारे सहयोग का उद्देश्य दिव्यांग महिलाओं को हमारे ई-कॉमर्स मंच पर सफल व्यवसाय बनाने के लिए उपकरण और अवसर देकर उनका समर्थन करना है। हमारा मानना है कि यह पहल एक अधिक समावेशी डिजिटल बाजार बनाने में सहायता करेगी।

## हिंदुस्तान जिंक ने सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली ।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 530 मेगावाट तक हरित बिजली की आपूर्ति के लिए सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ समझौता किया है। इस बिजली आपूर्ति समझौते (पीडीए) के साथ हिंदुस्तान जिंक की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 450 मेगावाट से बढ़कर 530 मेगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही कंपनी की कुल बिजली जरूरत में हरित ऊर्जा का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। हिंदुस्तान जिंक ने शेयर बाजार को बताया कि यह अपनी तरह का पहला चौबीसों घंटे चलने वाला नवीकरणीय ऊर्जा पीडीए है, जो हर 15 मिनट में न्यूनतम 315 मेगावाट निर्बाध बिजली आपूर्ति की गारंटी देता है।

## सेबी ने एसएमई आईपीओ के नियम किए सख्त

**मुंबई ।** सेबी ने छोटे व मझोले उद्योगों (एसएमई) के लिए आईपीओ लाने के नियमों का सख्त कर दिया है। इसके मुताबिक इश्यू लाने वाली कंपनियों का पिछले तीन वित्त वर्षों में से दो वित्त वर्ष में परिचालन मुनाफा लगभग एक करोड़ रुपये होना चाहिए। साथ ही, ऑफर फॉर सेल के तहत प्रमोटर्स 20 फीसदी से ज्यादा हिस्सा नहीं बेच सकते हैं। सेबी ने सर्कुलर में कहा कि एसएमई आईपीओ के लिए न्यूनतम आवेदन आकार को बढ़ाकर दो लॉट किया गया है। विक्रेता शेयरधारकों को अपनी मौजूदा हिस्सेदारी के 50 फीसदी से अधिक बिक्री की अनुमति नहीं होगी। नियमों को सख्त करने का मकसद निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाले एसएमई को फंड जुटाने का मौका देना है। सर्कुलर के मुताबिक आईपीओ लाने वाली कंपनियों को समाचार पत्रों में घोषणाएं प्रकाशित करने और मसौदे तक आसान पहुंच के लिए क्यूआर कोड भी देना होगा। एसएमई आईपीओ में सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्य के लिए आवंटित राशि कुल निर्गम आकार का 15 फीसदी या 10 करोड़ रुपये, जो भी कम हो पर सीमित की गई है। निर्गम से प्राप्त आय से कर्ज चुकाने की अनुमति नहीं होगी। पाम तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने साबुन के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। कीमतों में वृद्धि धीरे-धीरे होगी। कंपनी ने कहा, पाम तेल के महंगे होने से उसके मार्जिन पर असर दिख रहा है। हाल के महीनों में शीर्ष उत्पादक इंडोनेशिया और मलेशिया में बाढ़ के कारण पाम तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है। इससे उपभोक्ता सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों को उत्पादों की कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

# शेयर बाजार में सपाट कारोबार

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिय भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली से आई है। आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला बीच में उसमें रिकवरी हुई पर अंत में इसके बाद भी बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 12.85 अंक तकरीबन 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 74,102.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी अंत में 37.60 तकरीबन 0.17 फीसदी बढ़कर 22,497.90 पर बंद हुआ।

बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की बढ़त रही जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.7 फीसदी की गिरावट आई। निफ्टी में सबसे ज्यादा सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, श्रीराम फाइनेंस और बीपीसीएल के शेयर ऊपर आये। वहीं इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड कॉर्प और एमएंडएम के शेयरों में गिरावट रही। बीएसई पर 2,469 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,499 शेयरों में बढ़त रही।

धातु , संपत्ति, टेलीकॉम, ऑयल एंड गैस में 0.5 से 3 फीसदी तक की बढ़त रही जबकि





ऑटो, आईटी और बैंक सेक्टर में 0.3 से 0.7 फीसदी की गिरावट रही। बाजार जानकारों ने कहा, ÷अमेरिका और अन्य एशियाई बाजारों में चल रहे ट्रेड वॉर और आर्थिक मंदी की चिंताओं से हुई भारी बिकवाली के बाद भी घरेलू बाजार धीरे-धीरे संभल रहा है।÷

वहीं एशियाई बाजारों में, टोक्यो और सियोल निचले स्तर पर बंद हुए, जबकि हांगकांग स्थिर रहा। शंघाई स्टॉक मार्केट हरे निशान में बंद हुआ। अमेरिकी बाजारों में गिरावट रही। एसएंडपी 500 में 2.6 फीसदी और नैस्डैक में 4 फीसदी की गिरावट रही। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 485.41 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 263.51 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। इससे पहले आज सुबह अमेरिकी और एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट की वजह से भारतीय बाजार की शुरुआत भी कमजोर रही। बीएसई सेंसेक्स 371 अंकों की गिरावट के साथ 73,744 पर खुला। एनएसई निफ्टी50 भी 100 अंक से ज्यादा टूटकर 22,346 पर कारोबार शुरू किया।

## सरकार ने उड़द शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया

**नई दिल्ली ।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च, 2026 तक एक और साल के लिए बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा` कि इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यामां से किया गया। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा उड़द उत्पादक और उपभोक्ता है।

## इंडसइंड बैंक का शेयर 23 फीसदी टूटा

**नई दिल्ली ।** इंडसइंड बैंक के शेयर में मंगलवार को सुबह के कारोबार में 23 फीसदी की गिरावट आई। लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ इंडसइंड बैंक का शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। निजी क्षेत्र के बैंक ने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों की सूचना दी थी, जिसके चलते यह गिरावट हुई। बीएसई पर इंडसइंड बैंक का शेयर 22.8 फीसदी गिरकर 695.25 रुपये प्रति शेयर के निचले सर्किट पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 21.67 फीसदी गिरकर 705.35 रुपये प्रति शेयर के 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया था कि उसके वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो से संबंधित प्रक्रियाओं की आंतरिक समीक्षा के दौरान, उसने कुछ विसंगतियां पाईं। बैंक ने कहा कि उसने विस्तृत आंतरिक समीक्षा में दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति पर लगभग 2.35 प्रतिशत के प्रतिकूल प्रभाव का अनुमान लगाया है।

## एलन मस्क की संपत्ति में भारी गिरावट, 301 अरब डॉलर रह गई

**- कुछ हफ्तों में 132 अरब डॉलर घटी दौलत**

**वाशिंगटन ।**

दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की कुल संपत्ति 301 अरब डॉलर हो गई है। हालांकि, उनकी नेटवर्थ में सोमवार को 29 अरब डॉलर की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस साल की शुरुआत से अब तक उनकी संपत्ति में 132 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार दिसंबर 2024 में उनकी कुल संपत्ति 486 अरब डॉलर के शिखर पर थी, लेकिन सोमवार को ही उनकी नेटवर्थ में 29 अरब डॉलर की भारी गिरावट आई। मस्क की संपत्ति में आई गिरावट का मुख्य कारण टेस्ला के शेयरों में गिरावट, निवेशकों की चिंता और प्रमुख बाजारों में बिक्री में कमी को माना जा रहा है। हालांकि, वे अकेले नहीं हैं जो इस वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं। अमेजान प्रमुख जेफ बेजोस, अल्फावेट के पूर्व प्रेसिडेंट सर्गेई ब्रिन, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग और एलवीएमएच के सीईओ बर्नार्ड अरनॉल्ट सहित कई अरबपतियों की संपत्ति घटी है। इन अरबपतियों ने डॉनल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से अब तक 209 अरब डॉलर गंवा दिए हैं। बाजार में गिरावट और अमेरिका की सरकारी नीतियों में अस्थिरता को इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की संपत्ति में गिरावट जारी है। इसकी बड़ी वजह उनके राजनीतिक विचार और अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख के रूप में उनकी भूमिका मानी जा रही है। मस्क के इन फैसलों का सीधा असर टेस्ला की बिक्री पर पड़ा है। जर्मनी में कंपनी की ऑर्डर बुक 70 फीसदी से ज्यादा गिर गई है। वहीं चीन से होने वाली टेस्ला की शिपमेंट में भी 49 फीसदी की भारी गिरावट आई है, जो जुलाई 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। इसके अलावा, चुनाव के बाद टेस्ला के शेयरों में जो थोड़ी बढ़त देखी गई थी, वह भी खत्म हो गई है। निवेशकों का भरोसा भी कमजोर हो रहा है, जिससे मस्क की नेटवर्थ में गिरावट जारी है। एमेजना के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन जेफ बेजोस की संपत्ति में 29 अरब डॉलर की गिरावट आई है। यह गिरावट तब आई जब अमेज़न के शेयर 14 फीसदी टूट गए, जिसका असर बेजोस की नेटवर्थ पर पड़ा। रिपोर्ट के मुताबिक बेजोस ने डॉनल्ड ट्रंप के उद्घाटन समारोह के लिए 1 मिलियन डॉलर डोनेट किए थे, लेकिन बदलती सरकारी नीतियों और बाजार की अनिश्चितता की वजह से उनकी संपत्ति में भारी गिरावट देखी गई। मेटा के शेयर 2025 में शुरू में बढ़े, लेकिन बाद में सारे फायदे मिट गए। इस उतार-चढ़ाव की वजह से मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में 5 अरब डॉलर की कमी आई। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फावेट के पूर्व अध्यक्ष और सह-संस्थापक सर्जरी ब्रिन को भी बड़ा झटका लगा है।

## अक्टूबर-दिसंबर में जापान की अर्थव्यवस्था 2.2 फीसदी दर से बढ़ी

**टोक्यो ।** जापान ने वर्ष 2024 की अंतिम तिमाही अक्टूबर-दिसंबर में आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 2.8 प्रतिशत से घटाकर 2.2 प्रतिशत वार्षिक कर दिया है। जापान के मंत्रिमंडल कार्यालय ने कहा कि उपभोक्ता खर्च में कमी से मांग प्रभावित हुई। सरकार का कहना है कि अर्थव्यवस्था में सामान्य सुधार हो रहा है। तिमाही आधार पर मौसमी रूप से समायोजित वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद 0.6 प्रतिशत बढ़ा। पहले इसके 0.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान था। समीक्षाधीन अवधि में निजी मांग में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई।



## कोच गंभीर के लिए इंग्लैंड दौरे के साथ शुरू होगा 2 साल का चुनौतीपूर्ण चक्र

**दुबई (एजेंसी)।** नई दिल्ली –गौतम गंभीर को जानने वाले लोग उन्हें 'उबाऊ रूप लगातार एक ही चीज करने वाले% व्यक्ति के रूप में वर्णित करते हैं। ऐसा व्यक्ति जिसने पिछले 20 वर्षों में अपने खाने के तरीके में भी कोई बदलाव नहीं किया है तो फिर प्रयोग का तो सवाल ही नहीं उठता। गंभीर को अनौपचारिक समारोहों में डेनिम पहनना बहुत पसंद है और उन्होंने वर्षों से इसमें कोई बदलाव नहीं किया है। लेकिन जब क्रिकेट की बात आती है तो उनका दिमाग हमेशा विभिन्न रणनीतिक समस्याओं के समाधान की तलाश में लगा रहता है।

जुलाई में टी20 विश्व कप जीत के साथ राहुल द्रविड़ के कार्यकाल का अंत होने के बाद गंभीर को राष्ट्रीय टीम की कमान संभाले हुए आठ महीने हो चुके हैं। दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर के गंभीर ने सफलता के साथ-साथ कुछ दिल तोड़ने वाली हार भी देखी हैं। उन्होंने दोनों ही तरह की परिस्थितियां देखी हैं जिसमें चैंपियन्स ट्रॉफी में खिताबी जीत का शीर्ष स्तर और छह टेस्ट मैचों की हार भी शामिल है।

चैंपियन्स ट्रॉफी की जीत ताजी हवा के झोंके की तरह आई है और 'गुरू गंभीर% को बड़ी तस्वीर का विश्लेषण करने का मौका मिलेगा क्योंकि अगले दो महत्वपूर्ण वर्षों में भारतीय क्रिकेट में बड़े बदलाव की उम्मीद है। गंभीर अब ऐसे दौर में पहुंचेंगे जहां उनके सामने तीन अलग-अलग चुनौतियां होंगी जिसकी शुरुआत इंग्लैंड के टेस्ट दौरे से होगी। यह हमेशा की तरह आईपीएल के बाद होगा जिसमें तैयारी के लिए बिल्कुल भी समय नहीं होगा।

गंभीर की दूसरी बड़ी चुनौती भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाला टी20 विश्व कप होगा जहां सूर्यकुमार यादव की टीम अपना खिताब बचाने उतरेगी। और आखिरी लेकिन सबसे बड़ी चुनौती दक्षिण अफ्रीका में होने वाला 2027 का एकदिवसीय विश्व कप होगा। अगर गंभीर की कोचिंग को अलग-अलग प्रारूप में देखा जाए तो उन्होंने सूर्या की अगुआई में टी20 टीम के लिए कोर खिलाड़ियों के समूह को पहले ही तैयार कर लिया है।

रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के छोटे प्रारूप से बाहर होने के बाद भी उनकी कमी महसूस नहीं हुई क्योंकि भारत टी20 में जिस तरह का क्रिकेट खेल रहा है, उससे उसे दुनिया भर में प्रशंसक मिल रहे हैं। गंभीर ने अभिषेक शर्मा के रूप में एक प्रभावशाली खिलाड़ी की खोज की है। जब वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह किसी वैश्विक प्रतियोगिता (विश्व टी20) में गेंदबाजी करेंगे तो ये आठ ओवर बल्लेबाजों के लिए बुरे सपने की तरह होंगे।

संजू सैमसन ने अपनी लय हासिल कर ली है, हालांकि ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल भी मौजूद रहेंगे। अर्शदीप सिंह के रूप में पावरप्ले में विकेट लेने वाला एक बेहतरीन गेंदबाज है और हार्दिक पंड्या, नितीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे के रूप में कम से कम तीन तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं। हार्दिक के साथ सूर्यकुमार और अक्षर इस टीम के पुराने खिलाड़ी हैं। यह एक ऐसी टीम है जिसने अपने सभी विभागों पर ध्यान दिया है और यहां-वहां कुछ बदलाव के साथ स्वत– आगे बढ़ रही है। लेकिन यह अन्य दो प्रारूप हैं जहां गंभीर को नतीजों के



लिए रणनीतिकार, अनुशासित करने वाले और प्रबंधक के रूप में एक साथ काम करना होगा।

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वे जल्द ही एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास नहीं ले रहे हैं। संन्यास एक व्यक्तिगत निर्णय है और दोनों ने चैंपियंस ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन किया है। लेकिन 2027 विश्व कप के दौरान गंभीर के पास चार विशेषज्ञ स्पिनरों का उपयोग करने और 240-250 के स्कोर के साथ जादू पैदा करने का विकल्प नहीं होगा। बड़े स्कोर बनेंगे और सवाल यह है कि क्या रोहित अपनी छोटी और आक्रामक पारियों से कोहली के साथ मिलकर पर्याप्त योगदान दे पाएंगे।

## सैंटनर बोले रोहित को लेकर दबाव में थे हमारे गेंदबाज



**दुबई (एजेंसी)।** न्यूलीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। सैंटनर ने कहा है कि रोहित कुछ अवसरों पर असफल हो सकते हैं पर उनका अंदाज ऐसा है कि वह बडे अवसरों पर निर्णायक साबित होते हैं। सैंटनर के अनुसार खिताबी मुकाबले में उनकी टीम के खिलाड़ी रोहित के खेलने के अंदाज से शुरुआत में ही दबाव में आ गये थे। फाइनल में रोहित की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली। रोहित ने फाइनल में में 41 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। उन्होने 76 रनों की पारी खेली। वह इस मैच में अलग अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे।

रोहित ने सिर्फ अपना रवैय बदला और वह टीम के लिए बड़ी पारी खेलने में सफल हो गये। उन्होंने ये पारी तब खेली जब टीम को सबसे ज्यादा जरुतर थी। सैंटनर ने कहा कि उनका रवैया गेंदबाजों में डल पैदा करता है। वे स्वभाव से आक्रामक हैं और मुझे लगता है कि वह और शुभमन गिल अच्छी तरह से तालमेल बिठाते हैं। शुभमन गिल खराब गेंद का इंतजार करते हैं पर रोहित गेंदबाजों को उनती लेंथ से ही खेलकर खुश होते हैं। वो इंतजार नहीं करते और उनका डर हमारी टीम के गेंदबाजों में भी था।

सैंटनर ने साथ ही कहा कि रोहित जिस तरह से खेलते हैं उसके बाद आप कुछ बार असफल हो सकते हैं लेकिन जैसा कि उन्होंने फाइनल में हमारे खिलाफ खिलाफ धीमी पिच पर खेला। वह दिखाता है कि अगर आप अपनी टीम को इस प्रकार से शुरुआत देते हैं तो फिर आप मैच में खुद को आगे रख सकते हैं। पावरप्ले के दौरान जिस प्रकार के आक्रामण उन्होंने किये उससे मैच हमारे हाथ से फिसलने लगा था।

## दीप्ति शर्मा ने अमेलिया केर को पछाड़ा, आईसीसी महिला रैंकिंग में शीर्ष में पर पहुंची



**दुबई (एजेंसी)।** भारत की दीप्ति शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय की नवीनतम महिला ऑलराउंडर रैंकिंग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पछाड़कर एक स्थान के फायदे से शीर्ष पांच में पहुंच गई। भारत की 27 वर्षीय ऑलराउंडर दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं।


ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर शीर्ष पर काबिज हैं। दीप्ति टी20 ऑलराउंडर की रैंकिंग में तीसरे जबकि एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला के बाद दो स्थान के फायदे से ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है।

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट चटकाए थे। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। वह दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नैट स्किवर ब्रंट तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अटापट्टू को पछाड़ा।

# दिल्ली कैपिटल्स नये कप्तान, कोच ओर मेंटोर के साथ उतरेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल 2025 में नये कप्तान केएल राहुल और नये को हेमंग बादानी के मार्गदशन में उतरेगी। वहीं इसके अलावा टीम ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को मेंटर बनाया है। अब देखना है कि राहुल , बादानी और पीटरसन की तिकड़ी कितनी सफल होती है। राहुल पहले भी कप्तान रहें है, वहीं बादानी भी कोच रहे हैं पर पीटसरन पहले बार मेंटोर बने हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस बार दिल्ली कैपिटल्स को खिताब जिताना रहेगा। अब देखना होगा कि वह कितने सफल होते हैं। यह पहली बार होगा जब पीटरसन किसी क्रिकेट टीम के साथ सहायक स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। पीटरसन अब डीसी कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच हेमांग बदानी, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव, गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल और सहायक कोच मैथ्यू मोट के साथ काम करेंगे। वह पहली बार किसी टीम से जुड़ हैं। इससे पहले व कमेंट्री करते रहे हैं। पीटरसन ने आईपीएल 2012 और 2014 में डीसी की ओर से खेला था। इसमें उन्होंने 305 और 294 रन बनाए थे। उन्होंने 17 मैचों में फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी की थी।

200 टी20 खेलने वाले पीटरसन के नाम पर 5,695 रन दर्ज है। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और पुणे फ्रेंचाइजी के लिए 36 मैच खेलकर




साथ 1001 रन बनाये हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा, पीटरसन आधुनिक समय के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक थे, और उनका हमारी टीम में होना एक मूल्यवान जुड़ाव है। इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में ही दिल्ली कैपिटल्स ने कोच मैथ्यू मॉट को अपने सहायक कोच के रूप में नियुक्त करने की भी घोषणा की।

## पंकज आडवाणी ने सीसीआई स्नूकर खिताब की हैट्रिक बनाई

मुंबई । स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां बेस्ट ऑफ 15 फ्रेम में फाइनल में ईशप्रीत चड्ढा को 8–6 से हराकर 13.5 लाख इनामी सीसीआई स्नूकर क्लासिक टूर्नामेंट में खिताब की हैट्रिक बनाई। गत राष्ट्रीय और एशियाई स्नूकर चैंपियन



आडवाणी ने रविवार रात कड़े फाइनल में ईशप्रीत के खिलाफ 15–57, 26–101, 18–75, 100–25, 36–93, 118–0, 59–68, 45–77, 64–47, 93–72, 70 –60, 75–32, 73–32, 75–47 से जीत दर्ज की। आडवाणी शुरुआत में लय हासिल करने के लिए जूझ रहे थे और एक समय 1–4 से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार छह फ्रेम जीतकर जोरदार वापसी की और फिर मुकाबला जीत लिया।

## वरुण को मिलना चाहिये था प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवार्ड : अश्विन

मुम्बई । भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में 9 विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दिया जाना चाहिये था पर ये अवार्ड उपविजेता रही न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को दे दिया गया। अश्विन ने कहा कि मैच विजेता होने के बाद भी वरुण को उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज नहीं चुना गया हैरानी की बात है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम की जीत में वरुण की अहम भूमिका रही है। अश्विन ने कहा, जो भी कहा जाए मेरे हिसाब से प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट वरुण चक्रवर्ती थे। उन्होंने पूरा टूर्नामेंट नहीं खेला पर उन्होंने बहुत बड़ा अंतर पैदा किया। अगर वरुण नहीं होते, तो फाइनल मैच बहुत अलग होता। उन्होंने एक्स–फैक्टर जोड़ा। अगर मैं जज होता, तो मैं यह अवॉर्ड वरुण को देता। वो सबसे बड़ा अंतर थे। अश्विन, वरुण की उस गेंद से खासे प्रभावित हुए जिस पर उन्होंने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। उन्होंने कहा, फिलिप्स स्टंप्स कवर नहीं कर रहे थे, इसलिए वरुण क्रीज से बाहर गए और गुगली डाली। अश्विन ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 251 रनों पर रोकने के लिए भारतीय गेंदबाजों को सराहा। अश्विन ने कहा, मैं कप्तान रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर के लिए बहुत खुश हूं। उल्लेखनीय रूप से, इस भारतीय टीम ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह आपको क्या बताता है? यह भारतीय क्रिकेट को कहां छोड़ता है? मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि दुनिया को भारतीय क्रिकेट को समझने में कुछ समय लगेगा। वहीं वरुण ने माना कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका अभियान इस तरह से चलेगा। मैच के बाद उन्होंने कहा– मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह ऐसा होगा। सपना सच हो गया। चक्रवर्ती की गेंदबाजी ने सबको हैरान कर दिया। उन्होंने अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उनकी गेंदों को पढ़ पाना मुश्किल था। यही वजह थी कि वो इतने कामयाब रहे। अश्विन ने कहा कि टीम ने एकजुट होकर खेला जिसका फल उसे मिला।

## गलत फैसलों की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट आईसीयू में है : पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी

**कराची (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने ऑलराउंडर शादाब खान की राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी पर सवाल उठाते हुए कहा कि गलत फैसलों की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट आईसीयू में है। पिछले टी20 विश्व कप के बाद से बाहर चल रहे शादाब को वापस बुलाया गया है और न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली श्रृंखला के लिए सलमान अली आगा की अगुआई वाली टीम का उप कप्तान भी नियुक्त किया गया है।



मीडिया से बातचीत के दौरान अफरीदी ने कहा, 'किस आधार पर उसे वापस बुलाया गया है। घरेलू क्रिकेट में उसका प्रदर्शन क्या रहा है या फिर ऐसा क्या है कि उसे फिर से टीम में चुना गया है।' इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि जब तक फैसले योग्यता के आधार पर नहीं लिए जाते, तब तक पाकिस्तान क्रिकेट में कुछ नहीं बदलेगा। अफरीदी ने कहा, 'हम हमेशा तैयारियों की बात करते हैं और जब कोई प्रतियोगिता आती है और हम असफल हो जाते हैं तो हम इसका इलाज करने की बात करते हैं। सच्चाई यह है कि गलत फैसलों की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट आईसीयू में है।'

उन्होंने कहा कि जब भी कोई नया अध्यक्ष कार्यभार संभालता है तो वह आकर सब कुछ बदल देता है। पूर्व कप्तान अफरीदी ने सवाल किया, 'बोर्ड के निर्णयों और नीतियों में कोई निरंतरता या एकरूपता नहीं है। हम कप्तान, कोच या कुछ खिलाड़ी बदलते रहते हैं लेकिन बोर्ड अधिकारियों की जवाबदेही क्या है।'

उन्होंने कहा कि कोच को अपनी नौकरी बचाने के लिए खिलाड़ियों पर दोष लगाते देखना दुखद है और प्रबंधन को अपनी जगह बचाने के लिए खिलाड़ियों और कोच पर दोष लगाते देखना दुखद है। अफरीदी ने कहा, 'जब कप्तान और कोच के सिर पर लगातार तलवार लटकी रहती है तो हमारा क्रिकेट कैसे आगे बढ़ सकता है।' उन्होंने यह भी महसूस किया कि पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी एक सकारात्मक व्यक्ति हैं लेकिन सच्चाई यह है कि उन्हें क्रिकेट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

## रोनाल्डो ने अल नासर को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया



रियाद (सऊदी अरब)। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से सऊदी अरब के अल नासर ने ईरान के एस्टेघलाल को 3–0 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोनाल्डो दिसंबर 2022 में अल नासर से जुड़े थे लेकिन अभी तक रियाद के इस क्लब के लिए कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। वह पिछले सप्ताह अंतिम 16 के दौर के पहले चरण के मैच में गोल नहीं कर पाए थे। पहले चरण का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा था और इस तरह से अल नासर ने 3–0 के कुल अंतर से जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रोनाल्डो ने 26वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया। अल नासर की तरफ से उनके अलावा झोन डुरान ने दो गोल किए। इस बीच दो बार के चैंपियन कतर के अल साद ने संयुक्त अरब अमीरात के अल वास्ल को 4–2 की कुल योग से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## आईसीसी ने अपनी टीम का कप्तान सेंटनर को बनाया, रोहित को नहीं मिली जगह

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए अपनी टीम का कप्तान मिचेल सैंटनर का बनाया है। आईसीसी के इस फैसले पर हैरानी भी जतायी जा रही है क्योंकि सेंटनर की कप्तान में न्यूजीलैंड को दो बार रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने हराया है। सैंटनर की टीम एक बार लीग मैच में और एक बार फाइनल में रोहित की भारतीय टीम से हारी। ऐसे में माना जा रहा था कि आईसीसी टीम की कप्तान रोहित को मिलेगी। जिस टूर्नामेंट में किसी टीम ने 3 से ज्यादा मुकाबले नहीं जीते, उस टूर्नामेंट में रोहित ने सभी पांच मैच जीते।

रोहित फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच भी थे। भले ही उन्होंने 200 से कम रन इन पांच मैचों में बनाए पर जिस तरह से उन्होंने टीम का नेतृत्व किया, उस वजह से उनको टीम ऑफ द टूर्नामेंट के लिए चुना जाना चाहिए था और कप्तानी दी जानी चाहिए। ऐसे में कहा जा रहा है कि उन्हें किसी भी हाल में जगह मिलनी चाहिये थी पर नहीं मिली। आईसीसी पहले भी ऐसे ही फैसले करती रही है। विश्कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद भी आईसीसी टीम में जगह नहीं मिली थी। आईसीसी की टीम में विराट कोहली और केएल राहुल सहित छह भारतीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

आईसीसी की बेस्ट टीम ऑफ द टूर्नामेंट– मिचेल सैंटनर (कप्तान) (न्यूजीलैंड), रचिन रविंद्र (न्यूजीलैंड), इब्राहिम जादरान (अफगानिस्तान), विराट कोहली (भारत), श्रेयस अय्यर (भारत), केएल राहुल (विकेट कीपर) (भारत), ग्लेन



फिलिप्स (न्यूजीलैंड), अजमतुल्लाह उमरजई (अफगानिस्तान), मोहम्मद शमी (भारत), मैट हेनरी (न्यूजीलैंड), वरुण चक्रवर्ती (भारत) और अक्षर पटेल (भारत).

## हॉकी इंडिया 12 करोड़ रुपये के पुरस्कार बांटेगी

नई दिल्ली । अब भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों पर पैसा बरसेगा। हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। इसमें आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को होगा। इमसें साल 2024 सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान होगा।

पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाएगा। ये सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। जुगरात सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को मिलेगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार दिया जाएगा। इन खिलाड़ियों को मिलेगा पुरस्कार

सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार– बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता

सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार– लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।

सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार– संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।

के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार, जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।

## 231 किमी/घंटा की रफ्तार से सर्विस कर रहा यह फ्रांसीसी प्लेयर, दिग्गज भी हैरान

**खेल डैस्क ।** जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड इन दिनों टेनिस कोर्ट पर लगातार रॉकेट की रफ्तार से सर्विस करने के लिए जाने जा रहे हैं। उनकी औसत स्पीड ही 200 किमी/घंटा से ऊपर है। बीते दिनों उन्हें 231 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सर्विस करते देखा गया। 6 फीट 8 इंच लंबे 21 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी फिलहाल दुनिया में 30वें नंबर का खिलाड़ी है। उसने अपनी तेजतर्रार सर्विस के कारण 89 प्रतिशत सर्विस गेम जीते हैं। यही नहीं उन्होंने 70 प्रतिशत ब्रेकपॉइंट बचाए हैं और औसतन 18 ऐस प्रति मैच लगाता है।

अपनी प्रतिभा पर उभरते हुए स्टार ने कहा कि आपको यह स्वीकार करने की आवश्यकता है कि आप कभी-कभी चूक सकते हैं। मैं आक्रामक हूं। लेकिन यहां खुद को तैयार करने के बारे में है। आप कई बार चूक जाते हैं तो कई बार सफल हो जाते हैं। मैं जब भी सर्विस करने जाता हूं तो मेरे दिमाग में दो आवाजें गूंजती हैं। एक कहती है, गेंद को कोर्ट में डालो। दूसरी कहती है, अगर आप सीमा के करीब जाते हैं तो आपके पास पॉइंट जीतने का बड़ा मौका है। मैं अक्सर मैं वह चुनता हूं जिसमें पॉइंट जीतने का अधिक मौका हो। सामने वाले प्लेयर को सावधान रहने की जरूरत है।

फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने कहा कि दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी डेनियल मेदवेदेव हर बड़े सर्वर के खिलाफ एक रणनीति अपनाते हैं। वे सभी बहुत अच्छी सर्विस करते हैं, सिर्फ आंकड़ों के हिसाब से वे साल के दौरान अपनी सर्विस इतनी ज्यादा नहीं खोते हैं। आपको अपनी सर्विस पर वाकई मजबूत होना चाहिए, इसे टाईब्रेक तक ले जाने की कोशिश करनी चाहिए, शायद फिर उनकी सर्विस पर दबाव डालने की कोशिश करनी चाहिए।

फ्रांसीसी खिलाड़ी के पिता गाइलेन एमपेट्शी एक पूर्व फुटबॉलर हैं जबकि मां सिल्वी पेरीकार्ड गृहिणी हैं। अपने खेल के बारे में उन्होंने कहा कि मुझे बहुत कुछ सुधारना है। मुझे अपने मूवमेंट, बैकहैंड में बेहतर होना होगा... जब मेरी सर्विस सही नहीं लगती, तो मुझे बैकहैंड या फोरहैंड खेलते समय बहुत अच्छा होना होगा। पेरीकार्ड पहले दो-हाथ से बैकहैंड खेलते थे लेकिन 9 साल की उम्र में सिंगल-हैंडर में बदल गए। उन्होंने कहा कि मुझे वन-हैंड बैकहैंड के साथ अधिक आत्मविश्वास महसूस हुआ। पेरीकार्ड के साथ उनकी छोटी बहन डेफनी भी खेलती हैं। वह अभी जूनियर टूर पर हैं। वह अपनी मां को अपना हीरो बताती हैं। पेरीकार्ड ने बहन पर बात करते हुए कहा कि उसने मेरे पिता की तुलना में एक अलग तरीके से मदद की। इसी तरह मां सिल्वी ने उनसे ऐसे शब्द कहे जोकि उसके लिए जरूरी थे। वह कहती थी, तुम यहां किसी कारण से हो।





## मार्च के अंत तक जन नायकन की शूटिंग पूरी कर लेंगे विजय

साउथ सुपरसर विजय फिलहाल एच. विनोत द्वारा निर्देशित अपनी आखिरी फिल्म जन नायकन के शेड्यूल को पूरा कर रहे हैं। अभिनेता ने पुष्टि की है कि राजनीति में सक्रिय रूप से प्रवेश करने से पहले यह फिल्म इंडस्ट्री में उनका आखिरी प्रोजेक्ट होगा। अब, इस फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आई है। खबर है कि विजय जल्द ही आगामी फिल्म पर काम पूरा करने की उम्मीद कर रहे हैं।

### कब तक शूटिंग पूरी करेंगे विजय

रिपोर्ट्स के अनुसार, विजय से मार्च के अंत और अप्रैल 2025 के पहले सप्ताह के बीच किसी समय जन नायकन के लिए अपने हिस्से का काम पूरा करने की उम्मीद है। इसके ठीक बाद वह अपने राजनीतिक जीवन में पूरी तरह से बदलाव करेंगे और तमिलनाडु में सक्रिय रूप से प्रचार करना शुरू कर देंगे।

### कब आएगा फिल्म का टीजर

इस बीच फिल्म का टीजर विजय के जन्मदिन 22 जून 2025 के अवसर पर जारी होने की उम्मीद है। साथ ही फिल्म का नया पोस्टर भी जारी हो सकता है। हालांकि, इस मामले पर निर्माताओं या अभिनेता की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के अनुसार एच विनोत द्वारा निर्देशित फिल्म में विजय एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, निर्माताओं या फिल्म के अंदर किसी ने भी इसकी पुष्टि नहीं की है कि क्या फिल्म में अभिनेता एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में होंगे।

### पूजा और विजय की दूसरी फिल्म

अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा संगीतबद्ध की जा रही इस फिल्म में हाल ही में एक डांस सीक्वेंस की भी शूटिंग की गई है। यह फिल्म कथ्थी, मास्टर, बीस्ट और लियो जैसी फिल्मों के बाद विजय के साथ अनिरुद्ध की पांचवीं फिल्म होगी। जन नायकन के एक एक्शन-थ्रिलर होने की खबर है, जिसमें कुछ राजनीतिक एंगल भी शामिल होंगे। वहीं, विजय के साथ यह पूजा की दूसरी फिल्म है। इससे पहले ये दोनों कलाकार नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित 2022 की फिल्म बीस्ट में मुख्य भूमिका में साथ नजर आए थे।

### फिल्म के कलाकार

कुछ समय पहले फिल्म के निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर एक पोस्टर के साथ इसका अनावरण किया था, जिसमें एक हाथ में जलती हुई मशाल थी। इसके अलावा, निर्माताओं ने फिल्म के मुख्य कलाकारों का भी खुलासा किया था, जिसमें बॉबी देओल, पूजा हेगड़े, ममिता बैजू, प्रियामणि, गौतम वासुदेव मेनन, प्रकाश राज और नारायण प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



## मैंने बड़ा बनने के लिए अपने नैतिक मूल्यों से कभी नहीं किया समझौता

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृतिका कामरा ने एक्टिंग की दुनिया में अपने सफर के बारे में बात की। कृतिका ने बताया कि उन्होंने कभी भी बड़ा बनने के लिए अपनी आत्मा को नहीं बेचा और न ही अपने नैतिक मूल्यों से समझौता किया। कृतिका ने कहा, मैंने हमेशा माना है कि खुद के प्रति ईमानदार रहना सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा, मैंने बड़ा बनने के लिए कभी भी अपनी आत्मा को नहीं बेचा और न ही अपने नैतिक मूल्यों से समझौता किया। मेरे लिए, मेरा सफर हमेशा अपने द्वारा चुने गए विकल्पों पर गर्व करने के बारे में रहा है।

उन्होंने कहा, यह सिर्फ मशहूर या स्पॉटलाइट में रहने का सवाल नहीं है, बल्कि यह रात में सुकून सो पाने के लिए था। चाहे इंडस्ट्री कितनी भी चुनौतीपूर्ण या ग्लैमरस क्यों न हो मैंने अपने मूल्यों के साथ समझौता नहीं किया और इस वजह से ही मैं अपनी जड़ से जुड़ी रही। कृतिका ने स्पष्ट किया है कि वह आकर्षण की तुलना में कंटेंट को प्राथमिकता देती हैं। उन्होंने कहा, मैं ट्रेंड का पीछा नहीं करना चाहती और न ही इंडस्ट्री के दबावों के अनुरूप होना चाहती। मैं चाहती हूं कि मेरा काम मेरे विश्वास, मेरे टेस्ट और मेरी ग्रोथ को दर्शाए। मैं जो भूमिकाएं चुनती हूं, वे मेरे व्यक्तित्व का विस्तार हैं। मेरे लिए, यह ऐसी कहानियां बताने के बारे में है, जो लोगों के साथ जुड़ती हैं और एक स्थायी छाप छोड़ती हैं।

कृतिका मटका किंग में नजर आएंगी। यह मुंबई में शुरू हुए मटका जुए की दुनिया को दर्शाती है। इस सीरीज में विजय वर्मा भी हैं, जो मटका किंग की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। कृतिका ने जनवरी में साझा किया था कि वह साहसिक निर्णय लेने में विश्वास करती हैं और उन्होंने जानबूझकर ऐसे प्रोजेक्ट से दूरी बना ली है जो पुरुषों की नजर को प्राथमिकता देते हैं।



## संघर्ष के दिनों में भेदभाव की शिकार हुईं थीं तेजस्वी

**तेजस्वी प्रकाश ने हाल ही में अपने करियर के शुरुआती दौर के संघर्षों को याद किया और बताया कि कैसे वह भेदभाव की शिकार हुईं। तेजस्वी ने दिग्गज अभिनेताओं के साथ काम करते समय अलग तरह से व्यवहार किए जाने की बात को याद किया हालांकि, अपने दूसरे शो के बाद उन्हें अपनी कीमत का एहसास हुआ और उन्होंने खुद को कमतर समझने से इनकार कर दिया।**

तेजस्वी ने कहा- शुरू में जब मैं वरिष्ठ अभिनेताओं के साथ काम करती थी, जो मुझसे ज्यादा जाने जाते थे। मेरे साथ बहुत अलग व्यवहार किया जाता था। उन्हें बेहतर कमरे, बेहतर वैनिटी वैन और खाने के लिए बेहतर भोजन भी दिया जाता था। अपने करियर के शुरुआती दौर में मुझे इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। मेरे दूसरे शो (संस्कार-धरोहर अपनों की) के अंत तक मुझे अपनी कीमत का एहसास हो गया और मैंने इस व्यवहार को सहने से इनकार कर दिया। मुझे एहसास हुआ कि मुझे अच्छा भुगतान नहीं किया जा रहा था और फिर मैंने और अधिक मांगा। मुझे एहसास हुआ कि लोग मुझे अधिक देखना चाहते हैं। फिर मुझे कम पैसे क्यों मिलने चाहिए।



## अजय देवगन की एआई आधारित मीडिया कंपनी शुरू, फिल्म मेकिंग प्रोसेस में आएगी तेजी

अभिनेता अजय देवगन भारतीय सिनेमा के भविष्य के बारे में सोच रहे हैं और इसी के तहत अब वे एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) संचालित मीडिया में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एआई-आधारित मीडिया कंपनी शुरू की है। अभिनेता ने प्रिज्मिक्स की घोषणा की है, जो एक एआई-संचालित मीडिया कंपनी है। यह कंटेंट मेकिंग में विशेषज्ञता रखती है। फिल्म निर्माताओं, ब्रांड्स और रचनाकारों को अत्याधुनिक एआई तकनीक के साथ हाई क्वालिटी, स्केलेबल और आकर्षक कहानियां तैयार करने में मदद करेगी। देवगन प्रिज्मिक्स के अध्यक्ष हैं, जो एक टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें दानिश देवगन (सह-संस्थापक और मुख्य व्यवसाय अधिकारी), वत्सल सेठ (सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी) और साहिल नायर (सह-संस्थापक और मुख्य रचनात्मक अधिकारी) के नाम शामिल हैं।

टीम का उद्देश्य साथ मिलकर कहानी कहने की कला को फिर से परिभाषित करना है, क्रिएटिविटी को उन्नत एआई तकनीक के साथ मिलाकर शानदार मीडिया कंटेंट में बदलने से संबंधित है। इस बारे में अजय देवगन ने कहा, प्रिज्मिक्स के साथ, हम कहानी कहने के भविष्य में कदम रख रहे हैं। एआई केवल एक तकनीक नहीं है, बल्कि एक रचनात्मक भागीदार है, जो फिल्म निर्माताओं और ब्रांड्स को उनके विजन को ऐसे तरीके से जीवंत करने में मदद कर सकता है, जिसकी पहले कभी कल्पना भी नहीं की गई थी। हमारा लक्ष्य हाई क्वालिटी आधारित एआई कंटेंट को अधिक सुलभ और स्केलेबल बनाकर मीडिया में क्रांति लाना है।

## बॉलीवुड इंडस्ट्री में होने चाहिए ये बदलाव; महिला दिवस पर क्रिस्टल डिसूजा ने की मांग



क्रिस्टल डिसूजा बॉलीवुड इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा चाही जाने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने अपनी मेहनत से बहुत ज्यादा फैंस बनाए हैं। वह फितरत सीरीज में बेहतरीन काम के लिए जानी जाती हैं। आज क्रिस्टल डिसूजा महिला दिवस मना रही हैं। ऐसे में उन्होंने औरतों के लिए एक बहुत अच्छा पैगाम दिया है।

### सभी को एक दूसरे का समर्थन करना चाहिए

औरतों के बारे में बात करते हुए क्रिस्टल डिसूजा ने उनकी ताकत के बारे में बात की और कहा हम ताकतवर हैं। हम जो सोच लें उसे पाने के काबिल हैं। चलों एक दूसरे का समर्थन करना शुरू करते हैं और उनको वो मकाम देते हैं जो उनके लायक हैं। हमारी आवाज माइने रखती है। हमारे सपने अच्छे हैं। दुनिया को हमारी ताकत की जरूरत है।

### यादगार थी क्रिस्टल की होली

होली के मौके पर बीकानेर में अपनी सहेलियों के साथ मनाए गए यादगार महिला दिवस को याद करते हुए क्रिस्टल ने कहा, 8 मार्च 2023 में पड़ने वाला महिला दिवस बहुत खास था क्योंकि यह होली के दिन पड़ा था। हम अपनी सहेलियों के साथ बीकानेर गए थे, जहां हमने होली और महिला दिवस दोनों को एक साथ मनाया था। वाकई ये मेरे लिए बहुत अच्छा महिला दिवस था। यह प्यार, खुशी और रंगों से भरा हुआ था।

### इंडस्ट्री में औरतों के लिए चीजे बेहतर हुई हैं

क्रिटल डिसूजा ने बताया कि बॉलीवुड इंडस्ट्री औरतों के लिए आसान नहीं थी। लेकिन अब चीजें बहुत बदल गई हैं। कई महिला काफी समय से शोबिज में काम कर रही हैं। पिछले कुछ सालों में चीजें बेहतर हुई हैं और अब ज्यादा महिलाएं इस इंडस्ट्री में ऊंचे पदों पर हैं। मुझे लगता है कि इंडस्ट्री में महिलाओं की तरक्की हुई है। कई औरतें अब कार्यकारी पदों पर हैं, कार्यस्थल पर भेदभाव के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

इंडस्ट्री में होने चाहिए बदलाव क्रिटल के मुताबिक महिलाओं को कमांडिंग पदों पर रखना ही काफी नहीं है। महिलाओं के लिए माहौल को सुरक्षित और आरामदायक बनाने की जरूरत है। इंडस्ट्री में महिलाओं का समर्थन करने वाली और नीतियां बननी चाहिए। कार्यस्थल पर भेदभाव के खिलाफ मजबूत सुरक्षा मिलनी चाहिए।



## फिल्मों की री-रिलीज पर विवेक अग्निहोत्री का तंज

फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने हाल ही में बॉलीवुड इंडस्ट्री को लेकर बात की। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट साझा कर एक लंबा नोट लिखा है। उनका कहना है कि बॉलीवुड संघर्ष के दौर से गुजर रहा है। इसका पतन हो रहा है और यह खस्ताहाल स्थिति में है। निर्देशक ने हाल के दिनों में पुरानी फिल्मों को दोबारा रिलीज किए जाने के चलन पर भी प्रतिक्रिया दी।

### बॉलीवुड का पतन हो रहा है

विवेक अग्निहोत्री ने अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) से एक पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, बॉलीवुड गिर रहा है और यह सबसे अच्छी बात है जो हो सकती है। बॉलीवुड खस्ताहाल में है और यह इंडस्ट्री के लिए अच्छा है। नई इमारत खड़ी करने के लिए आपको पुरानी इमारत को गिराना होगा। यही वह समय है। आगे लिखा है, आज बॉलीवुड में शायद ही कोई स्वतंत्र निर्माता है। यहां अब कोई नया निर्माता नहीं है। नए आइडिया नहीं हैं। कोई इनोवेटिव डिस्ट्रीब्यूशन और मार्केटिंग रणनीति नहीं है। विवेक अग्निहोत्री ने आगे लिखा है, कुछ साल पहले बॉलीवुड में एक दर्जन स्टूडियो थे। अब केवल दो या तीन बचे हैं और वे भी एकाधिकारवादी हैं। और वे फिल्म निर्माण के अलावा अन्य कारणों से यहां हैं। सिनेमा के प्रति जुनून की जगह कॉर्पोरेट लालच और एजेंडा वाले कंटेंट ने ले ली है। फिल्में नहीं हैं। फिल्मों का मानो अकाल पड़ गया है, इसीलिए पुरानी फिल्मों को रिलीज करने की होड़ मची हुई है।

### अच्छे निर्देशकों ने हार मान ली है

विवेक अग्निहोत्री ने आगे लिखा है, अधिकांश निर्देशक जो इस कठिन समय में कुछ बदलाव ला सकते थे, उन्होंने हार मान ली है और ओटीटी के आगे घुटने टेक दिए हैं। फिल्म बिजनेस को चलाते रहने के लिए स्टार-अभिनेता जरूरी हैं। लेकिन कोई भी होनहार नया सितारा नहीं है। यदि आप 21-35 आयु वर्ग के किसी कलाकार को कास्ट करना चाहते हैं, तो आपको करीब-करीब शायद कोई मिले ही न। न तो हीरो और न ही हीरोइन। जो कुछ हैं वे हिंदी नहीं बोल सकते। इमोशंस नहीं दिखा पाते। अपने काम से ज्यादा इंस्टाग्राम में दिलचस्पी है। विवेक अग्निहोत्री के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह अपनी फिल्म द दिल्ली फाइल- द बंगाल चैप्टर की तैयारी में व्यस्त हैं।

## मैं आभारी हूं कि मुझे जॉन अब्राहम के साथ अभिनय करने का मौका मिला...

जॉन अब्राहम इन दिनों अपनी फिल्म द डिप्लोमैट को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ विधात्री बंदी भी नजर आएंगी। उन्होंने इस बारे में कहा... यह संघर्ष का एक वर्ष रहा है। जलसा और मैक्स, मिन और मेवजाकी के बाद यह अवसर न केवल मेरे लिए बल्कि संघर्ष करने वाले हर कलाकार के लिए बहुत मायने रखता है। यह जर्नी आपको बहुत कुछ सिखाती है और मैं वास्तव में आभारी हूं कि आखिरकार मुझे जॉन अब्राहम के साथ अभिनय करने का मौका मिला। यह एक अविश्वसनीय अनुभव था। हम पहली बार स्क्रीन शेयर कर रहे थे और यह वास्तव में यादगार था। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में हमें साथ मिलकर काम करने के और मौके मिलेंगे। द डिप्लोमैट 14 मार्च को रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी। यह एक भारतीय राजनयिक के पाकिस्तान से भारतीय लड़की को वापस लाने के प्रयासों की सच्ची कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में जॉन इस्लामाबाद में भारत के पूर्व उप उच्चायुक्त जेपी सिंह की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण जॉन अब्राहम, भूषण कुमार, समीर दीक्षित, अश्विन, राजेश बहल, विपुल शाह और कृष्णन कुमार मिलकर कर रहे हैं। इसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है, जो नाम शबाना और मुखबिर जैसी फिल्म और वेब सीरीज बना चुके हैं।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: कुलभूषण शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# आईएमटी औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं से उद्योगपतियों और व्यापारियों में भय का माहौल

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** आईएमटी औद्योगिक क्षेत्र में हाल के दिनों में आपराधिक घटनाओं में अत्यधिक वृद्धि हुई है। चोरी, डकैती, मोबाइल लूट और महिलाओं से छेड़खानी जैसी घटनाओं ने उद्योगपतियों, व्यापारियों और कर्मचारियों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान श्री प्रमोद राणा ने बताया कि हाल ही में आईएमटी क्षेत्र में अपराधियों का आतंक बढ़ गया है। विशेषकर चोरी की घटनाओं में चोर उद्योगों में लगे महंगे टूल्स और डाईयों को चुरा ले जाते हैं। इन औजारों और डाईयों को बनाने में कई वर्षों का समय और बड़ी लागत लगती है। इनके चोरी होने के बाद उद्योगों के लिए उत्पादन जारी रखना लगभग असंभव हो जाता है, जिससे उद्योग बंद होने के कगार पर आ जाते हैं।





सबसे गंभीर बात यह है कि अपराधियों का हौसला इतना बढ़ गया है कि वे एक ही स्थान या गली में बार-बार चोरी कर रहे हैं। एक ही जगह पर पांच-पांच बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, और हर दूसरे-तीसरे दिन ऐसी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है।

इसके अलावा नई-नई मोटरसाइकिलों को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। अपराधी विशेष रूप से उन मोटरसाइकिलों को चुरा रहे हैं जो हाल ही में क्षेत्र में आई हैं। अब तक दर्जनों नई मोटरसाइकिलें चोरी हो चुकी हैं, जिससे वहां काम कर रहे लोगों में गहरी चिंता व्याप्त है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इन घटनाओं को अंजाम देते समय अपराधी सुरक्षा गार्डों को बंधक बना लेते हैं या उन्हें घेर लेते हैं, जिससे ये घटनाएं चोरी नहीं बल्कि डकैती बन गई हैं। इस कारण से सुरक्षा गार्डों में इतना भय व्याप्त हो गया है कि वे अब नौकरी करने से कतराने लगे हैं। कई गार्ड अपने मालिकों को सूचित कर चुके हैं कि वे जान-माल के खतरे के कारण नौकरी छोड़ने पर मजबूर हैं। इस गंभीर विषय को लेकर आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान श्री प्रमोद राणा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने DCP बल्लभगढ़ और SDM बल्लभगढ़ को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस मामले को गंभीरता से लेंगे और जल्द ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उचित कार्रवाई की जाएगी ताकि औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल दोबारा स्थापित हो सके। इस मौके पर आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान परमोद राना, ट्रेजरार देविंदर गोयल, ब्लॉक लीडर राजेश देशवाल, पंकज गुप्ता, चिराग शर्मा, कमल खंडेलवाल, कमल गुप्ता, श्रीमती पारुल, पंकज सूरी, राजेश गई दीपक शर्मा ,पंकज गर्ग और बड़ी संख्या में उद्योगपति उपस्थित रहे।

# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने बनास डेयरी आईएमटी फरीदाबाद का औद्योगिक दौरा आयोजित किया

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** प्रबंधन और कंप्यूटर विज्ञान विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ द्वारा बनास डेयरी, आईएमटी, फरीदाबाद के लिए एक औद्योगिक दौरे का आयोजन किया गया जिसमें एमबीए और एमसीए प्रथम और अंतिम वर्ष के 50 छात्रों ने भाग लिया। दोनों विभागों से मोहिनी वर्मा, (एचओडी, कॉप्युटर साइंस), ईशा ,प्रीति दीक्षित और शिल्पा जुनेजा इन विद्यार्थिओं के साथ औद्योगिक दौरे पर गए।



कॉलेज चेयरमैन देवेन्द्र कुमार गुप्ता, महासचिव एडवोकेट दिनेश गुप्ता एवं कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में कॉलेज ऐसी गतिविधियां आयोजित करता रहता है। यह कार्यक्रम डॉ. सचिन गर्ग, प्रभारी (विंग 1) के प्रभावी नेतृत्व में आयोजित किया गया। डॉ. शिल्पा गोयल, विभागा अध्यक्षा प्रबंधन विभाग ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यार्थिओं के समक्ष प्रस्तुत की। जहाँ दौरे के समन्वयक और कंपनी के प्रबंधक विपिन दलाल ने कंपनी के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया।

बनास डेयरी, बानस्कांथा डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन लिमिटेड की सहायक कंपनी, डेयरी क्षेत्र में अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रसिद्ध है, जो भारत भर में उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार के दूध और दूध-आधारित उत्पादों को उपलब्ध कराती है। भ्रमण के दौरान छात्रों को, उन्होंने दूध प्रसंस्करण, पैकेजिंग और गुणवत्ता नियंत्रण के विभिन्न चरणों का अवलोकन करवाया। विशेषज्ञों ने डेयरी उत्पादों की ताजगी और गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए पाश्चराइजेशन, होमोजेनाइजेशन और कोल्ड स्टोरेज में उपयोग की जाने वाली उन्नत तकनीक को समझाया। एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया था जिसमें छात्रों को डेयरी उत्पादन, स्वचालन और बाजार रणनीतियों के बारे में सवाल पूछने का अवसर मिला था।

इस यात्रा से प्राप्त अंतर्दृष्टि से औद्योगिक प्रक्रियाओं और भारत के आर्थिक विकास में डेयरी उद्योग के महत्व के बारे में उनकी समझ समृद्ध हुई। यात्रा के अंत में सभी छात्रों और शिक्षकों को जलपान दिया गया

# श्री वेंकटेश्वर कॉलेज, डीयू की एनएसएस इकाई ने आरबीके के 6वें संस्करण का आयोजन किया




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** यह होली की जीवंत भावना से प्रेरित दो दिवसीय कार्यक्रम था। इस पहल का उद्देश्य वसंत विहार के एमसीडी को-एड प्राइमरी स्कूल की दीवारों को फिर से जीवंत करना था, जो लंबे समय से खराब स्थिति में थी, उन्हें चमकीले रंगों, चंचल कार्टून और शैक्षिक चित्रों से रंगकर। इसका उद्देश्य एक अधिक प्रेरक और दृष्टिगत रूप से उत्तेजक वातावरण बनाना था जो छात्रों को अधिक प्रेरक सेटिंग में अपनी पढ़ाई में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करेगा। आरबीके 6.0 की योजना सप्ताह पहले ही शुरू की गई थी, जिसमें स्थल और सामग्री प्रायोजन के लिए आउटरीच प्रयास किए गए थे। उदार प्रायोजकों ने सभी आवश्यक पेंट और इवेंट टी-शर्ट प्रदान किए, जबकि *शहीद भगत सिंह कॉलेज, डीयू की आर्ट सोसाइटी प्रोमेथियन* के साथ सहयोग ने परियोजना में कलात्मक विशेषज्ञता को जोड़ा। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को जलपान उपलब्ध कराया गया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे काम करते समय ऊर्जावान बने रहें। जीवंत संगीत ने उत्सव के माहौल को और भी अधिक बढ़ा दिया। इस पहल के माध्यम से, एनएसएस इकाई ने न केवल स्कूल के सौंदर्य को बढ़ाया, बल्कि बच्चों में सीखने के प्रति नए उत्साह की भावना को भी बढ़ावा दिया, जिससे शिक्षा और रचनात्मकता दोनों के लिए एक अच्छा माहौल बना।

# मोहन ऋषि स्कूल में बच्चों ने खेली फूलों की होली



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद स्थित मोहन ऋषि स्कूल में बच्चों ने फूलों की होली खेली। आया होली का त्यौहार, तू है नार नखरेदार मतवाली रे, आ मीठी लगे तेरी गाली रे जैसे गीतों पर बच्चे जम के नाचे। इस मौके पर बच्चों ने मथुरा वृंदावन के जैसे सांस्कृतिक एवम् रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत करके सब का मन मोह लिया।

मुख्याध्यापक मनीष गौतम ने सभी बच्चों को वैरभाव त्याग कर सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के साथ होली का त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित किया। रुद्रांश दत्त श्री कृष्ण के एवं शिवांश दत्त बलराम के रूप में थे। छात्रों को गुलाल से होली खेलने और इस अवसर पर बच्चों से लेकर बडों को सभी को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। सभी अध्यापिकाओं ने बच्चों के साथ होली खेली। इस दौरान ऋतु गौतम, मीनू गौतम साथ फलों की खूब होली खेली। कार्यक्रम में ललित कमार झा, प्रीति, रीना ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

# पृथला क्षेत्र की सभी कंपनियों में स्थानीय युवाओं को मिले 50 प्रतिशत रोजगार : रघुबीर तेवतिया

## कांग्रेस विधायक रघुबीर तेवतिया ने विधानसभा-सत्र में पृथला क्षेत्र के लिए रोजगार, शिक्षा व सिंचाई के लिए बुलंद की आवाज

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा से कांग्रेस के विधायक रघुबीर तेवतिया ने आज मंगलवार को विधानसभा-सत्र के शून्यकाल के दौरान पृथला क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा, सिंचाई व सडकों के निर्माण को लेकर बुलंद आवाज में जनहित के मुद्दे उठाए। उन्होंने युवाओं के रोजगार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज पृथला क्षेत्र हरियाणा में बेराजगरी में नंबर-वन बनता जा रहा है। पूर्णरूप से देहात पृष्ठभूमि होने के चलते इस क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने आईएमटी चंदावली स्थित सभी कंपनियों मे स्थानीय युवाओं के लिए 50 प्रतिशत रोजगार योग्यता के आधार पर देने की मांग विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं उद्योग मंत्री के समक्ष उठाते हुए कहा कि 2009 से 14 तक जब मैं विधायक था तो एस समय सरकार ने उनके क्षेत्र के पांच गांव चंदावली, मछगर, सोतई, मुजेडी व नवादा गावों की जमीन का अधिग्रहण आईएमटी-चंदावली के लिए किया था जिसके बदले में हमने इस आईएमटी में इन उपरोक्त पांच गावों के युवाओं को 35 प्रतिशत रोजगार योगयता के आधार पर देने का वायदा तत्कालीन सरकार से कराया था, लेकिन उसके बाद पिछले 10 साल में यहां से विधायक बने टेकचंद शर्मा व नयनपाल रावत ने इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया और इसको लेकर सरकार पर कोई ठोस और मजबूत दवाब नहीं बनाया जबकि दोनों ही पूर्व विधायक भाजपा सरकार के साथ थे, जिससे यहां के युवाओं को रोजगार नहीं मिला। इसलिए न केवल आईएमटी बल्कि समूचे पृथला विधानसभा के युवाओं को 35 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत रोजगार दिया जाए। उन्होंने कहा कि पृथला की देवतुल्य जनता ने उन्हें विधायक चुनकर भेजा है, इसलिए वह जनता के हकों की आवाज को हमेशा बुलंद करते रहेंगे और विधानसभा के हकों की आवाज को हर स्तर पर उठाया जाएगा।



उन्होंने इसी मुद्दे पर आगे बालते हुए माग की कि पृथला क्षेत्र उद्योगों का हब बन चुका है, जिसके चलते यहां सैकडों बडी कंपनी तथा छोडे-बडे हजारों उद्योग स्थापित हो गए हैं, इन बडी कंपनियों में रोजाना बडे-बडे डफंर व बडे मालवाक ट्रक गुजरते हैं जिससे यहां की अधिकतर सडकें टूट गई और पानी निकासी का भी कोई प्रबंध नहीं है और भारी प्रदूषण भी फैलता है जिससे यहां के नागरिकों को भारी परिशोनियों का सामना करना पडता है, ऐसे में या तो सरकार उपरोक्त उद्योगपियों से कहकर सडकों के दोनों तरफ नालियां बनाकर सडकों का निर्माण कराए या फिर जनहित में सरकार स्वयं ही सडकों का निर्माण कराए। विधायक रघुबीर तेवतिया ने जनौली गांव में शिक्षा व खेल का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उन्होंने विधायक रहते हुए जनौली में सरकारी डाईट केन्द्र खुलवाया था जिसके लिए गांव जनौली ने 16 एडक जमीन दी थी। इसमें से 10 एकड पर डाईट के सुंदर बडा भवन बनाया गया व 6 एकड़ जमीन खेल स्टेडियम के लिए थी और यहां सरकार ने जेबीटी की कक्षाएं शुरू कर दी थीं लेकिन बडा दुख है कि अब यहां जेबीटी की कक्षाएं बंद कर दी गई है। उन्होंने स्पीकर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से मांग की कि जनौली की इस बिलडिंग में पीटीआई के लिए बीपीएड व ड्राइंग टीचर के लिए बहएफए की कक्षांए शुरू की जाएं जिससे कि इस क्षेत्र के बच्चों को लाभ हो सके। वहीं उन्होंने जनौली गांव की 6 एकड जमीन पर खेल स्टेडियम बनाने की मांग भी पुरजोर से उठाई। इसके अलावा विधायक रघुबीर तेवतिया ने किसानों की सिंचाई का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पृथला क्षेत्र के गांव लदियापुर, जकोपुर व बीजोपुर गावों के मध्य से गुडगांव कैनाल गुजरता है लेकिन यहां कोई मंजूरशुदा कुलाबा नहीं है जिससे यहां के किसान सिंचाई से वंचित रह जाते हैं और किसानों को मजबूरन अपने बच्चों का पेट पालने के लिए उपरोक्त गुडगांव कैनाल से चोरी से पानी लेना पडता है जिसके चलते कई बार यहां के सैकडों किसानों पर पानी चोरी का मुकदमे भी दर्ज हो चुके हैं, उन्होंने स्पीकर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं सिंचाई मंत्री से मांग की कि यहां कई मंजूरशुदा कुलाबे बनाए जाएं जिससे किसान अपने खेतों की सिंचाई कर सके। वहीं उन्होंने बिजोपुर से खोरी तक जाने वाले 6 करम के कच्चे रास्ते पर सडक भी बनाई जाए क्योंकि सरकार की पॉलिसी है कि खेतों को जाने वाले 6 करम तक के सभी रास्ते पक्के किए जाएं। उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर धनाडय लोगों ने फार्म हाउस बनाए हुए हैं और उन्होंने अपने-अपने फार्म हाउस के सामने अवैध कब्जे किए हुए हैं इसलिए अविलंब इन अवैध कब्जों को कटाकर पक्की सडक बनाई जा जिससे कि लोगों को राहत मिल सके।

# नगर निगम चुनाव की मतगणना आज, डीसी ने किया मतगणना केंद्रों का निरीक्षण

**समाचार गेट/जितेंद्र सिंह**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने मंगलवार को फरीदाबाद नगर निगम चुनाव की मतगणना के लिए बनाए गए मतगणना केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के मध्यनजर प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किए हुए हैं।



जिला प्रशासन की ओर से गत 2 मार्च को हुए मतदान के बाद फरीदाबाद नगर निगम आम चुनाव की बुधवार 12 मार्च को होने वाली मतगणना प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा के बीच पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाएगी, जिसके आवश्यक तैयारियां और प्रबंध पूर्ण कर लिए गए हैं।

मतगणना प्रक्रिया बुधवार 12 मार्च को प्रात: 8 बजे से मतगणना केंद्रों पर मेयर पद सहित 45 वार्ड पार्षदों की मतगणना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने मतगणना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड नंबर 01, 02, 03, 04, 41 और 46 के लिए एआरओ सहित 20 टेबल बल्लभगढ़ सेक्टर-2 स्थित श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय बालिका महाविद्यालय में मतगणना होगी। वहीं वार्ड नंबर 05, 06, 07, 08 और 09 के लिए एआरओ सहित 15 टेबल एनआईटी-3 स्थित डीएवी सेंटेनरी कॉलेज में, वार्ड नंबर 10, 11, 12, 13 और 15 के लिए एआरओ समेत 17 टेबल के.एल. मेहता कॉलेज फॉर वुमन, एनआईटी फरीदाबाद में होगी। डीसी ने बताया कि वार्ड नंबर 14, 36, 37, 38 और 39 के लिए एआरओ समेत 18 टेबल सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में लगेंगी।

वार्ड नंबर 16, 17, 18, 19 और 20 के लिए एआरओ समेत 17 टेबल सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल में, वार्ड नंबर 21, 22, 23, 24 और 29 के लिए एआरओ समेत 15 टेबल कम्युनिटी सेंटर, एसजीएम नगर फरीदाबाद में, वार्ड नंबर 25, 26, 27, 28 और 30 के लिए एआरओ समेत 15 टेबल कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-28 में, वार्ड नंबर 31, 32, 33, 34 और 35 के लिए एआरओ समेत 18 टेबल सेक्टर-16ए स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में तथा वार्ड नंबर 40, 42, 43, 44 और 45 के लिए एआरओ समेत 16 टेबल सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल में मतगणना के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिलाधीश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिला में बुधवार 12 मार्च को होने वाली पूरी मतगणना प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत जिला में बनाए गए सभी मतदान केंद्रों पर अनाधिकृत व्यक्ति, अधिकारी, मतगणना ड्यूटी पर नियुक्त कर्मचारी द्वारा मोबाइल फोन, कोडलेस फोन, वायरलेस सेट, पेजर, फोटो कैमरा, वीडियो कैमरा व अन्य इलेक्ट्रोनिक रिकॉर्डिंग डिवाइस साथ लाने पर रोक लगाने के लिए आदेश जारी किए हैं।

# एकॉर्ड अस्पताल में इराकी मरीज का सफल ऑपरेशन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने एक जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इराक के 65 वर्षीय मरीज अब्दुल करीम, जो कई वर्षों से पित्त की नली में बड़े स्टोन की समस्या से जूझ रहे थे, का एंडोस्कोपिक तकनीक से लगातार तीन दिन अलग-अलग अंतराल में स्टोन को टुकड़ों टुकड़ों में पित्त की नली से सफलतापूर्वक निकाला गया। ऑपरेशन के बाद अब वह पूरी तरह स्वस्थ है।

इस सफल ऑपरेशन को शहर के सबसे बड़े गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के चेयरमैन डॉ. रामचंद्र सोनी, डॉ. तनवी सावंत, डॉ. लोहित, डॉ. देव प्रतिम की टीम ने अंजाम दिया। अस्पताल चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता ने सफल ऑपरेशन के लिए पूरी टीम को बधाई दी। इराक निवासी अब्दुल करीम कई वर्षों से पित्त की नली में बड़े स्टोन की समस्या से जूझ रहा था। मरीज ने पहले कई देशों में इलाज करवाया, लेकिन राहत नहीं मिली। पित्त में रुकावट और बार-बार पीलिया होने के कारण उनकी जान को खतरा बढ़ गया था। संक्रमण के चलते उनकी स्थिति गंभीर होती जा रही थी।

ऐसे में एकॉर्ड अस्पताल के विशेषज्ञ डॉ. रामचंद्र सोनी और उनकी टीम ने उन्नत ईआरसीपी एवं स्पाई ग्लास तकनीक और थुलियम लेजर से स्टोन को सफलतापूर्वक निकाल दिया। ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने 8 सेंटीमीटर लंबा और 2 सेंटीमीटर चौड़ा स्टोन निकाला, जो आमतौर पर दुर्लभ मामलों में देखा जाता है। मेडिकल साहित्य में इतने बड़े ऑपरेशन का रिकॉर्ड नहीं है। जिससे यह एक नया रिकॉर्ड बना है। यह प्रक्रिया बिना बड़ी सर्जरी के पूरी की गई, जिससे मरीज को जल्द रिकवरी में मदद मिली। सफल ऑपरेशन के बाद अब्दुल करीम ने राहत की सांस ली और अस्पताल की टीम का आभार जताया।

डॉक्टरों के अनुसार, यह तकनीक पित्त की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के लिए वरदान साबित हो सकती है। इस मौके पर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. रोहित गुप्ता भी मौजूद रहे।